

दैनिक

पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 300 | ग्वालियर, सोमवार 21 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

न्यूज टैक

यूनिवर्सिटी के अंदर ड्रिंक और स्मोक करने का अधिकार मुझे पहले से मिला है, युवती के जवाब पर हैरान हुए लोग

नई दिल्ली। स्कूल और कॉलेज को शिक्षा का मंदिर माना जाता है, जहां छात्र और छात्रा एक साथ पढ़ते हैं. यानी ऐसी जगह जहां ऐसा काम बिल्कुल भी नहीं किया जा सकता, जो समाज के लिए सही नहीं है. उदाहरण के लिए, कॉलेज और स्कूल के अंदर शराब पीना या सिगरेट पीना पूरी तरह से गलत माना जाएगा. यहां हम आपके साथ एक वीडियो साझा करने जा रहे हैं, जिसमें एक कॉलेज छात्रा कैंपस के अंदर सिगरेट और शराब पीने पर कहती है कि ये आजादी हमें मिली है. युवती कहती है कि इसमें दिक्कत क्या है। युवती के इस जवाब हर कोई हैरान है. ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. यह वायरल वीडियो जादवपुर यूनिवर्सिटी का बताया जा रहा है. वीडियो में लड़की को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि कॉलेज परिसर में बीयर की बोतल मिलने के बाद कई लोग हंगामा कर रहे हैं. लड़की का कहना है कि यूनिवर्सिटी हमारा दूसरा घर है, इसलिए हमें कॉलेज के अंदर शराब पीने और धूम्रपान करने का अधिकार है. इस पर जब युवक पूछता है कि तुम्हें ये अधिकार किसने दिया है तो युवती कहती है कि ये अधिकार मुझे कोई नहीं दे सकता. यह अधिकार मुझे पहले से ही है. कई यूजर्स ने वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है. वायरल वीडियो को देखने के बाद लोगों में गुस्सा भी देखा जा रहा है. वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए एक ट्विटर यूजर ने लिखा, अधिकारों की सीमाएँ होती हैं, खासकर जब वे परिसर की सुरक्षा और दूसरों को प्रभावित करते हैं. जेंडर की परवाह किए बिना सभी को दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए. सम्मान और जिम्मेदारी से समझौता नहीं किया जा सकता. एक यूजर ने लिखा कि स्वघोषित दूसरा घर उसने यह कहां पढ़ा उसके प्रवेश पत्र में वीडियो पर कई लोगों ने युवती के बातों से नाराजगी जताई है.

राहुल गांधी ने लद्दाख में पैंगोंग झील किनारे पिता राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री और अपने पिता राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. राहुल गांधी इनदिनों लद्दाख के दौरे पर हैं, इसलिए उन्होंने रविवार को अपने पिता की जयंती पर पैंगोंग त्सो झील किनारे उन्हें श्रद्धांजलि दी. राहुल गांधी ने एक्स ने अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा, पापा, आपकी आंखों में भारत के लिए जो सपने थे, इन अनमोल यादों से छलकते हैं. आपके निशान मेरा रास्ता हैं- हर हिंदुस्तानी के संघर्षों और सपनों को समझ रहा हूं, भारत मां की आवाज सुन रहा हूं. इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने अपने पिता जयंती के मौके पर लद्दाख में पैंगोंग त्सो के तट पर कहा कि, मेरे पिता मेरे सबसे महान गुरुओं में से एक थे. जब मैं छोटा था, तो वो यहीं की तस्वीर लाए थे और कहा था ये दुनिया की सबसे सुंदर जगह है. मैं भारत जोड़ो यात्रा के समय भी यहां आना चाहता था लेकिन लॉजिस्टिक की वजह से नहीं आ पाया. बाइक से आना अच्छा अनुभव था. लोगो से ज्यादा बातचीत हो पाती है .मुझे दिल्ली में उत्तर प्रदेश में शायद ऐसा नहीं करने दिया जाए. बता दें कि शनिवार को ही राहुल गांधी ने लेह से लद्दाख में पैंगोंग त्सो तक बाइक राइडिंग की थी. इसके बाद उनकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया में नजर आई. जिसमें वह राइडर लुक में नजर आए. बता दें कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को खत्म कर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा समाप्त कर दो केंद्र शासित प्रदेशों लद्दाख और कश्मीर में बदल दिया गया था. केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद राहुल गांधी पहली बार लद्दाख पहुंचे हैं. ऐसा माना जा रहा है कि राहुल गांधी अगले हफ्ते कारगिल का दौरा भी कर सकते हैं. बता दें कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लेह जाना चाहते थे, लेकिन तब वह वहां नहीं पहुंच पाए. उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण में कहा था कि वह जल्द ही लेह का दौरा करेंगे. उधर सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली के वीर भूमि जाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी.

अलीपुर में चोरों ने प्लास्टिक फैक्ट्री में की चोरी, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हथियारबंद चोरों ने रविवार को एक प्लास्टिक फैक्ट्री के गोदाम को निशाना बनाया। चोरों ने सुरक्षा गार्ड को बेरहमी से पीटा और उसे बांधने के बाद लाखों रुपये की सामग्री लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकेश नामक एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि हथियारबंद चोरों ने एक गोदाम में चोरी की है। पुलिस ने बताया कि गोदाम का गार्ड क्रेन ऑपरेटर का काम करता है और रात की ड्यूटी के दौरान गोदाम परिसर में ही सोता है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे जब गार्ड दरवाजा खोलकर सो रहा था, तभी चार अज्ञात व्यक्ति उसके कमरे में घुस आए और उसे पीटना शुरू कर दिया। फिर उन्होंने उसे बैठने के लिए मजबूर किया। उनमें से एक ने उस पर नजर रखी, जबकि अन्य लोग अपना पिकअप वाहन गोदाम परिसर के अंदर ले आए। उन्होंने गोदाम के शटर के ताले काट दिए और कच्चे माल के पैकेट अपनी पिकअप गाड़ी में लादकर भाग गए। पुलिस ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में आईपीसी की धारा 392, 394, 457, 342 और 34 के तहत एफआईआर दर्ज की है। अधिकारी ने कहा कि चारों लुटेरों की पहचान कर ली गई है। ये सभी उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के ग्राम करोरा के रहने वाले हैं। एक गुप्त सूचना के बाद मुकेश को पकड़ लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

गंगोत्री हाईवे पर बस खाई में गिरी, 7 श्रद्धालुओं की मौत

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक दर्दनाक दुर्घटना की खबर आई है. गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास एक बस अचानक से खाई में गिर गई, जिसमें 33 से 33 लोग सवार थे. इस हादसे में अबतक 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि 27 लोग घायल हैं. उत्तरकाशी के उप जिलाधिकारी, भटवाड़ी पुलिस की टीम, एसडीआरएफ, एनडीआरफ, फायर सर्विस, 108 एम्बुलेंस की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई है और बचाव कार्य जारी है. पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

यात्रियों से भरी एक बस गंगोत्री-उत्तरकाशी की ओर जा रही थी. उत्तरकाशी के गंगोत्री हाईवे पर स्थित गंगनानी के नजदीक अचानक से एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है. बताया जा रहा है कि इस गाड़ी गुजरात के करीब 32-33 तीर्थयात्री सवार थे. अब तक 27 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है. डीएम और एसपी समेत अन्य टीमें मौके पर पहुंचकर बचान कार्य कर रही हैं. इस हादसे को लेकर उत्तराखंड पुलिस का कहना है कि गंगोत्री-उत्तरकाशी की ओर आ रही एक यात्री बस गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई. गाड़ी में करीब 32-33 लोग सवार बताए जा रहे हैं. 27 घायल लोगों को अस्पताल भेजा गया है. उत्तरकाशी के जिलाधिकारी और स्क्रमौके पर मौजूद हैं. उत्तराखण्ड- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को गंगोत्री राजमार्ग पर गंगनानी में हुई बस दुर्घटना में घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को गंगोत्री राजमार्ग पर गंगनानी में हुई बस दुर्घटना में घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को भी नजर रखने के लिए कहा है.

मध्य प्रदेश के सतना में केजरीवाल बोले-

मामा पर नहीं अब इस चाचा पर भरोसा करना

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के सतना में अरविंद केजरीवाल ने आज एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस-भाजपा पर जमकर साधा है. इस दौरान केजरीवाल ने मौजूदा और पुरानी सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अगर राज्य में आप की सरकार बनती है तो एक-एक पैसे का हिसाब किया जाएगा. दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश में एक मामा हैं, उन्होंने भांजे-भांजियों को बहुत धोखा दिया है, लेकिन अब मामा पर नहीं, अपने इस चाचा पर भरोसा करना. कांग्रेस और भाजपा दोनों को भूल जाओगे केजरीवाल ने दावा किया कि दिल्ली-पंजाब के लोग कहते हैं कि 50 साल तक कोई नहीं हरा सकता. केजरीवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश में एक मामा है, जिसने भांजे-भांजियों को बहुत धोखा दिया है. अब मामा पर विश्वास मत करना. अब आपका भाई,बेटा, चाचा आ गया है. आपका चाचा आपके लिए अच्छे स्कूल और रोज़गार का इंतज़ाम करेगा. दिल्ली की तरह हर गांव में और वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा. मध्य प्रदेश के सभी मौजूदा

सरकारी अस्पतालों को शानदार बनाया जाएगा और नए सरकारी अस्पताल खोले जाएंगे. सभी रोड एक्सीडेंट मरीजों को पूरे मध्य प्रदेश में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी. जब तक नौकरी नहीं मिलती तब तक हर बेरोजगार को 3000 रुपये महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा. लगभग 10 लाख बेरोज़गारों को सरकारी नौकरी में भर्ती किए जाएंगे. नौकरियों में भर्ती में सिफारिश और भ्रष्टाचार खत्म कर पारदर्शिता लाई जाएगी आम जनता को नौकरी के अवसर दिए जाएंगे. दिल्ली की तरह मध्य प्रदेश के सभी बुजुर्गों को उनके पसंद के किसी भी पवित्र तीर्थ स्थान पर मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी. किसी भी सरकारी दफ्तर में काम करवाने के लिए आपको वहां नहीं जाना पड़ेगा. दिल्ली की तरह एक फोन नंबर जारी करेंगे आप उस फोन पर कॉल करके काम बताओ कोई सरकारी कर्मचारी आपके घर आकर काम करके जाएगा आपको किसी को रिश्वत देने की जरूरत नहीं होगी. भारतीय सेना और मध्य प्रदेश पुलिस के जवान अगर सेवा के दौरान शहीद होता है तो उनके परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी.

दक्षिण अफ्रीकी संसद के उपाध्यक्ष ने सीएमजी के महानिदेशक से की मुलाकात

बीजिंग। दक्षिण अफ्रीका के नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष ट्सेंनोली ने केप टाउन में 19 अगस्त को चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के महानिदेशक शन हाईशोंग से मुलाकात की जो अफ्रीकी देश की यात्रा पर आये हुए हैं। उन्होंने सीएमजी को अफ्रीका में सबसे बड़े सीधा प्रसारण उपग्रह मंच मल्टी चॉइस ग्रुप के साथ सहयोग समझौता संपन्न करने की बधाई दी। उन्होंने बल दिया कि दक्षिण अफ्रीका के विभिन्न क्षेत्रों के लोग राष्ट्रपति शी चिनफिंग की यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विश्वास है कि दक्षिण अफ्रीका और चीन अधिक व्यापक क्षेत्रों में सहयोग की उपलब्धियां प्राप्त करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण दिशा में बढ़ाएंगे। मुलाकात के समय शन हाईशोंग ने बताया कि इस साल चीन और दक्षिण अफ्रीका के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ और बेल्ट एंड रोड पहल की 10वीं वर्षगांठ है। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के नेतृत्व में चीन और दक्षिण अफ्रीका के सहयोग की गहराई अभूतपूर्व है। सीएमजी दक्षिण अफ्रीकी नेशनल असेंबली के साथ सहयोग मजबूत कर दोनों देशों के नागरिकों के बीच मित्रता बढ़ाने को उत्सुक है। माल्टी चॉइस ग्रुप और सीएमजी ने केप टाउन में सहयोग समझौता संपन्न किया। इसके अनुसार, सीएमजी ने मल्टी चॉइस ग्रुप को अफ्रीका में सीएमजी के चीनी भाषा इंटरनेशनल चैनल, सीजीटीएन अंग्रेज़ी और फ्रांसीसी चैनल के कार्यक्रम प्रसारित करने का अधिकार सौंप दिया है, जो 50 से अधिक अफ्रीकी देशों में प्रसारित होंगे।

बारिश और बाढ़ के प्रकोप के पीछे ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार : विशेषज्ञ

नई दिल्ली। देशभर में इस वर्ष भारी बारिश और बाढ़ के कहर के पीछे ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार है। विशेषज्ञों के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग का असर हिमालय क्षेत्र में अनियंत्रित तापमान पर भी देखा गया, जिसकी वजह से हाल ही में बाढ़ ने कहर बरपाया है। यूके के नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक साइंस और यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के मौसम विज्ञानी और अनुसंधान वैज्ञानिक अक्षय देवरस बताते हैं कि ब्रेक-मानसून स्थितियों के दौरान ग्लोबल वार्मिंग के कारण हवा में नमी की क्षमता बढ़ने से वर्षा में वृद्धि होती है। विशेषज्ञ इस बात पर जोर देते हैं कि भले ही अनुकूल परिस्थितियों ने भारी वर्षा में योगदान दिया हो, लेकिन जलवायु परिवर्तन ऐसी घटनाओं की तीव्रता को काफी हद तक बढ़ा देता है। हाल ही में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन, जिसके परिणामस्वरूप जानमाल की हानि हुई, यह ग्लोबल वार्मिंग का स्पष्ट उदाहरण हैं।

पीएम मोदी ने लद्दाख हादसे पर जताया शोक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शाम लद्दाख के लेह में हुए हादसे पर दुख जताया और जवानों की मौत शोक व्यक्त किया. बता दें कि कल यानी शनिवार शाम लेह में सेना का एक वाहन गहरी खाई में गिर गया. जिसमें नौ जवानों की मौत हो गई. इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने शोक जताया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जवानों की देश अनुकरणीय सेवा को हमेशा याद रखेगा. वहीं केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ है. लेह हादसे में जवानों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया. पीएमओ के आधिकारिक एक्स हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा, ÷लेह के पास हुई दुर्घटना से दुख हुआ, जिसमें हमने भारतीय सेना के जवानों को खो दिया है. राष्ट्र के प्रति उनकी बहुमूल्य सेवा को हमेशा याद किया जाएगा.÷ इसके साथ ही पीएम मोदी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और हादसे में घायल हुए जवानों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की. पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी दुख जताया. गृह मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, लद्दाख में हुए सड़क दुर्घटना की खबर से बहुत दुखी

हूं. इस हादसे में हमने अपने बहादुर जवानों को खो दिया. दुख की इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है. मेरी शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं. घायल के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं. वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेह हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, लद्दाख में लेह के पास एक दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की मौत से दुखी हूं. हम अपने राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. घायल कर्मियों को फील्ड अस्पताल ले जाया गया है. उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं. इसके साथ ही कांग्रेस नेता और केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने लद्दाख हादसे पर शोक जताया. उन्होंने एक्स पर लिखा, लद्दाख में सेना की गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण हमारे कई जवानों के बलिदान का समाचार अत्यंत दुखद है. सभी बलिदानियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. जवानों के शोकाकुल परिवारजनों के मेरी गहरी संवेदनाएं. घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा, लेह में सेना के एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से नौ जवानों के शहीद होने का समाचार बेहद दुखदाई है. हमारे बहादुर जवानों के हम हमेशा ऋणी रहेंगे.

गृहमंत्री शाह ने जारी किया शिवराज सरकार के शासन का रिपोर्ट कार्ड, कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को भोपाल में शिवराज सरकार के 18 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया. इस दौरान शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशान साधा और बीजेबी सरकार की उपलब्धियां बताईं. इस दौरान गृह मंत्री शाह ने कहा कि, मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी हुई है. सिंचाई क्षमता से करोड़ों गरीब किसानों को लाभ मिला है. वहीं राज्य की 46 लाख बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना से फायदा हुआ है. शाह ने कहा कि उज्जैन में महाकाल महालोक बना है. साथ ही भोपाल और इंदौर में मेट्रो सेवा शुरू हुई है. उन्होंने शिवराज सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि, राज्य में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में शुरू हुई है. इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस की 15 महीने के सरकार को लेकर भी सवाल उठाए. उन्होंने पूछा कि कांग्रेस ने 15 माह की सरकार में क्या किया, इसका बंटाधार और कमलनाथ को जवाब देना चाहिए. शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने गरीब कल्याण के

पूरे मूवमेंट को लगड़ा और अपाहिज कर दिया. इस दौरान अमित शाह ने कहा कि, 1956 में मध्य प्रदेश का गठन हुआ. तब से कुछ साल छोड़कर लगभग 53 वर्ष कांग्रेस का शासन रहा. आज जो लोग बीजेपी सरकार में हुए विकास पर सवाल उठाते हैं, उन्हें अपने 53 साल का हिसाब भी देना चाहिए. केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि, हमने एक बीमारू राज्य को 20 सालों में विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का प्रयास किया है. मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 53 साल तक कांग्रेस का शासन था लेकिन उनके राज में एमपी को बीमारू राज्य का टैग दिया गया. इसके साथ ही अमित शाह ने कांग्रेस पर एमपी को बीमारू राज का टैग देना के आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि, मध्य प्रदेश में सबसे अधिक समय 53 साल तक कांग्रेस ने राज किया, लेकिन उनके राज में एमपी को बीमारू राज्य का टैग मिला. शाह ने कहा कि बीमारू राज्य जिन राज्यों से मिलकर बना था उनमें बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी थे. उस समय इन राज्यों को भारत के ग्रोथ रेट को कम करने वाला स्टेट माना गया था. उन्होंने कहा कि 2003 में बंटाधार की सरकार हटाई और उसके बाद से एमपी को बीमारू राज्य की इमेज से 20 सालों में बाहर निकाल दिया. इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, एक दौर था जब मध्य प्रदेश के ग्वालियर और चंबल में शाम पांच बजे बाद निकलना मुश्किल था, जो आज खत्म हो चुका है. उन्होंने कहा कि, देश की जीडीपी में एमपी का योगदान 3.6 फीसदी था जो अब 4.08 फीसदी हो गया है. सीएम चौहान ने कहा कि 2014 से जब से मोदी जी पीएम बने हैं तब से एमपी के विकास को नई गति मिली है. आज राज्य में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है. उन्होंने कहा कि हम मध्य प्रदेश को अग्रणी राज्य बना कर दम लेंगे.

माता-पिता के साथ मारपीट करने वाले कलयुगी पुत्र को दबोच कर भेजा जेल

राकेश परिहार पिछोर

पिछोर। पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले, एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में व थाना पिछोर टीआई शिव सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने अपने घर पर उपद्रव कर अपने माता-पिता के साथ झगड़ा करने व शराब पीकर अपने घर के दरवाजे व बर्तन तोड़ने फोड़ने वाले झगड़ालू बदमाश सुखबीर लोधी पुत्र करन सिंह धोनी निवासी ग्राम लहर्रा को धारा 151, 107 ,116(3), 122, 110 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया जिसे श्रीमान श्रीमान एसडीएम महोदय पिछोर के समक्ष पेश किया गया जिसे जेल भेजा। सुखबीर लोधी सुखबीर लोधी ग्राम लहर्रा का सबसे बड़ा बदमाश है उसके आतंक की वजह से इसकी पत्नी भी इसे छोड़कर के अपने मायके चली गई है । इसके आतंक की वजह से इसके माता-पिता 4 दिन से अपने घर पर नहीं सो पा रहे थे व पड़ोसी के घर पर सोते थे ।पुलिस थाना पिछोर की टीम में एस आई विनोद भार्गव, एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक इंदल सिंह भदोरिया संतोष यादव, राजेंद्र सिंह यादव, हीरा सिंह बघेल, आरक्षक मांगीलाल गुर्जर व कमल सिंह मांझी व सैनिक नीरज की सराहनीय भूमिका रही।

महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री अनिरुद्ध बन जी महाराज चाचौड़ा चंपावती में आगमन हुआ

अमित शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

श्री पंच दशानन जूना अखाड़ा श्री धाम धनेश्वर धाम तहसील भितरवार जिला ग्वालियर जी का आज चाचौड़ा चंपावती नगर में आगमन हुआ अशोक कुमार पालीवाल एडवोकेट लाखोरी बाले भगवानदास पालीवाल रितेश पालीवाल सूरज पालीवाल मंडल मंत्री विवेक शर्मा बाघेशनाथ पुजारी गोपाल पालीवाल जीतू पालीवाल अमित शर्मा अमित गुप्ता रावत जी रजिस्टार ऑफिस केशव श्रीवास्तव पप्पू शर्मा गोपी पालीवाल अनेक भक्तों ने स्वामी श्री जी से आशीर्वाद लिया श्रीधाम बाग बागेश्वर के दर्शन किए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज पिछोर में महिला सम्मेलन कार्यक्रम में होंगे शामिल 409 करोड़ से अधिक के 26 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

राकेश परिहार पिछोर

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज शिवपुरी जिले की पिछोर तहसील में आयोजित महिला सम्मेलन और विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर 1.50 पर पिछोर हेलीपैड पहुंचेंगे। सभास्थल छत्रसाल स्टेडियम पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे और 4.15 बजे दतिया के लिए रवाना होंगे। पिछोर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विभिन्न विभागों के 26 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे, जिनकी लागत 409 करोड़ से अधिक है। जिसमें 385.671 करोड़ के 16 विकास कार्य का भूमि पूजन और 23.861 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

जैतवारा थाना अंतर्गत डेबिट रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात अध कटी शव

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना जिले के जैतवारा थाना अंतर्गत देहूत दूरभाष केंद्र के पास रेलवे लाइन में अध कटी अज्ञात लाश मिली सूचना मिलते ही जैतवारा पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए सीएससी कोठी भेजा लाश के पास रेलवे का टिकट मिला जो कल की डेट का था प्रयागराज से मैहर का लाश ज्यादा कटी होने के कारण सीएससी कोठी से जिला अस्पताल सतना को रेफर किया गया जिला अस्पताल सतना से उक्त डेड बॉडी को रीवा संजय गांधी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। अगर लाश की पहचान होती है तो जैतवारा थाना को सूचित करें।

जाति हमारा प्रेम है, धर्म हमारा प्रेम : पूज्य साध्वी रंजना

यात्रा के पांचवें दिन विकासखंड शिवपुरी में पहुंचने पर हुआ स्नेह यात्रा भव्य स्वागत

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में निकाली जा रही स्नेह यात्रा के पांचवें दिवस विकासखंड शिवपुरी अंतर्गत ग्राम चांड सकलपुर से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सतनवाड़ा सेक्टर के ग्राम सतनवाड़ा, डोंगर, सतनवाड़ाखुर्द, कांकर में यात्रा आगमन पर ग्रामीण जनों ने फूलों एवं फूल माला से भव्य स्वागत किया गया।

ग्राम कांकर में आयोजित जन संवाद में अपना उद्बोधन देते हुए पूज्य साध्वी रंजना दीदी द्वारा बताया गया कि जाति हमारा प्रेम है, धर्म हमारा प्रेम हम सब आपस में मिलकर ऊँच, नीच, भेदभाव, जाति, पांत के बंधन से मुक्त होकर समरस समाज का निर्माण करेंगे तभी हम अपने भारत देश को मजबूत राष्ट्र बना सकते हैं। आज का समय धर्म जातियों में बटने का नहीं है हम सबको एक होकर हमारे देश और संस्कृति पर आ रही चुनौतियों से डटकर सामना कर भारत माता को उच्च शिखर पर स्थापित करने का है। इसी उद्देश्य को लेकर जैसा कि इस यात्रा का मंत्र है ÷सर्व खलविदं ब्रह्म÷ वाक्य को सार्थक करते हुए समरस समाज बनाने हेतु

स्नेह एवं एकता के सूत्र में पिरोना है। आज यात्रा के पाँचवे दिवस विकासखंड शिवपुरी के ग्रामों में यात्रा के पहुँचने पर भजन संकीर्तन, जन संवाद, जन संपर्क करते हुए सभी को रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाकर यात्रा के उद्देश्य बताकर संदेश दिया गया। यात्रा दोपहर में कांकर पहुंची जहां आदिवासी बस्ती में घर-घर जाकर जन संपर्क करते हुए यात्रा रैली के रूप में कैला देवी मंदिर पहुंची जहां जन संवाद का आयोजन किया गया जिसमें साध्वी रंजना दीदी द्वारा सभी को प्रवचन देकर संकीर्तन किया गया। संवाद उपरांत सभी को समरस खिचड़ी का वितरण किया गया। यात्रा में डॉक्टर रीना शर्मा, जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक शिवपुरी, शिशुपाल सिंह जादोन विकासखंड समन्वयक नरवर, महेश सिंह परिहार सरपंच सतनवाड़ा दिनेश चौधरी, मनोज कुशवाह, रमेश सेन, सरपंच सतनवाड़ा खुर्द विद्या आदिवासी, कांकर सरपंच श्रीमति विमला धाकड़, सचिव शंकर भार्गव, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि चंदन सिंह धाकड़, वीरेंद्र रावत, धीरेन्द्र राजपूत, उत्तम सिंह धाकड़, परामर्शदाता केशव शर्मा सहित सहयोगी संस्था हार्ट फुलनेस से प्रकाश रघुवंशी, अजय रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

विश्व मच्छर दिवस

मच्छर का छोटा सा डंक बन सकता है जानलेवा

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- ब्रिटिश चिकित्सक, सर रोनाल्ड रॉस ने साल 1897 में 20 अगस्त को मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी, जो मलेरिया जैसी घातक बीमारी का कारण है। इसके बाद से हर साल इस दिन को पूरी दुनिया में विश्व मच्छर दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज विश्व मच्छर दिवस है यह हर साल 20 अगस्त को मनाया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियां और बचाव के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय ऋषिवर के निर्देशन में एम्बेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को

जिला अस्पताल पर मलेरिया प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन एवं फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड परियोजना जिला समन्वयक दीपक जौहरी ने आमजन को बताए मच्छरों से जुड़े कुछ रोचक तथ्य ङ्क सिर्फ मादा मच्छर ही काटती हैं, नर मच्छर आराम से पौधों पर बैठे रहते हैं और मुख्यतः फूलों के रस से अपना पोषण करते हैं। मच्छर इंसानों की पहचान इंफ्रारेड रेडिएशन से करते हैं, इसलिए दिन-रात ये हमें काटते रहते हैं। मच्छरों की खून पीने की क्षमता बहुत अधिक होती है, ये अपने वजन से 3 गुना अधिक खून पी सकते हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डाटा एंट्री ऑपरेटर नरेंद्र श्रीवास्तव एवं मलेरिया टीम व एंबेड परियोजना टीम के सदस्य प्रोग्राम एसोसिएट विवेक झा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर, महेश, रियाज, सतेन्द्र, हरगोविंद, केशव, बंटी पवन का विशेस योगदान रहा।

फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 हेतु 26 एवं 27 अगस्त को भी विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे: कलेक्टर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 09-अटेर, 10-भिण्ड, 11-लहार, 12-मेहगांव एवं 13-गोहद (अ.जा.) को निर्देशित कर कहा है कि फोटो निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 हेतु विशेष कैम्प आयोग द्वारा दिनांक 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त 2023 निर्धारित किये गये थे। लेकिन रोल प्रेक्षक द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 26, 27 अगस्त 2023 को भी विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे, इस हेतु आप बीएलओ एवं संबंधित को निर्देशित करें कि आगामी विशेष कैम्प वाले दिन घर-घर जाकर सघन संपर्क कर अधिक से अधिक महिलाओं के नाम जो?ना सुनिश्चित करें।

हजारों के तादात में लोकेंद्र कोमर्रा ने थामा कांग्रेस का हाथ

प्रमेश अवस्थी न्यूज़

देवभोग। गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड के क्षेत्र के ग्राम मुंगझर निवासी लोकेंद्र कोमर्रा ने आज हजारों के तादाद में कांग्रेस का दामन थामा। उन्होंने पूर्व में प्राचार्य के पद पदस्थ थे। और अपनी सेवा दी थी। उन्होंने अपने स्वेच्छा से सरकारी नौकरी से त्याग पत्र देकर करीब हजारों की संख्या में सदस्यों के साथ

कांग्रेस का हाथ थाम कर अपनी दावेदारी बिंद्रानमागढ़ में पेश की

कांग्रेस का दामन थाम । बता दे पूर्व से ही कांग्रेस पार्टी में ही सक्रिय भूमिका में कार्य कर रहे थे ।उनके कांग्रेस में प्रवेश करने की अटकले पूर्व से ही लगाया जा रहा था ।आज कांग्रेस कमेटी देवभोग के द्वारा कार्यक्रम आयोजन कर विधिवद कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण कराया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भाव सिंह साहू के मौजूदगी में लोकेंद्र कोमर्रा ने कांग्रेस का दामन थामा।

बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा से इस बार होगी कांग्रेस की जीत, ..लोकेंद्र कोमर्रा इस दौरान लोकेंद्र कोमर्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सरकारी नौकरी अपनी स्वेच्छा से त्यागपत्र देकर कांग्रेस के रीति नीति और विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस

में प्रवेश कर रहे हैं ।अपने साथ हजारों की तादाद में साथियों के नाम और लिस्ट भी कांग्रेश को सौंपी ।उन्होंने यह भी कहा कि अपने पिता से लेकर दादा भी कांग्रेस पार्टी का सेवा पूर्व में भी दे चुके हैं। कोमरा ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के भुपेश सरकार जनता के हित में जो कार्य कर रहे हैं वह पुरे देश में एक मिसाल कायम है। कांग्रेस प्रवेश कर अपनी दावेदारी पेश की बीते कई दिनों से यह अटकल लगाई जा रहे थे कि लोकेंद्र कांग्रेस का दामन कब थामेंगे और अपनी दावेदारी बिंद्रानवागढ़ में कब पेश करेंगे ।उन्होंने कांग्रेस में प्रवेश कर अपनी दावेदारी पेश करते हुए जनता से अपील की है कि इस बार 15 साल के सूखे को खत्म कर बिंद्रनवगड़ में कांग्रेस का विधायक लाकर विकास को आगे बढ़ाने की पुंजोर प्रयास करने की बात कही। और उन्होंने यह भी कहा कि इस बार भुपेश सरकार जो कार्य किए हैं इसी को मद्देनजर रखते हुए बिंद्रनवगड क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराते हुए 15 साल के सुख को खत्म करना होगा। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार के विकास कार्य से प्रभावित होकर आज लोकेंद्र ने कांग्रेस में प्रवेश किया। साथी ही उनके साथ हजारों के ताकत में साथियों को कांग्रेस में प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में विधानसभा से कांग्रेस की जीत निश्चित है श्री साहू ने सभा सभी कांग्रेस प्रवेश करने वाले का स्वागत करते हुए कहां के निश्चित तौर पर आप सभी के आने के बाद कांग्रेस पार्टी और भी अधिक मजबूत होगी। इस मौके पर प्रमुख से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी, दुर्गा चरण अवस्थी सुखचंद बेसरा, प्रमेश अवस्थी,अरुण मिश्रा, सूरज शर्मा के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में अलंकरण समारोह (इन्वेस्टीचर सेरेमनी) का आयोजन, मुख्य अतिथि थाना प्रभारी के हाथों बच्चे हुए पुरस्कृत

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग - डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में शनिवार 19 अगस्त को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, कुछ दिन पूर्व छात्र परिषद् के गठन हेतु चुनाव किया गया था। इस दौरान छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ अपने निर्धारित कर्तव्यों को पूर्ण रूप से सत्य, निष्ठा के साथ निभाएंगे की दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। नव निर्वाचित छात्र परिषद् के निर्वाचित सदस्यों को मुख्य अतिथि के द्वारा सेशे (अलंकरण पट्टी) पहनाकर सम्मानित किया गया द्य हेड बॉय तेजवर्धन कश्यप, वाइस हेड बॉय देवाशीष पारी, हेड गर्ल महक अग्रवाल, वाइस हेड गर्ल सिद्धि अग्रवाल, कल्चरल इंचार्ज हेमेश्वरी शांडिल्य, डिसिप्लिन इंचार्ज रौनक सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज योगेश राजपुरोहित, जूनियर हेड बॉय चिराग राजपुरोहित, जूनियर हेड गर्ल अरिज फातिमा चयनित हुए इसके साथ साथ दयानन्द हाउस कैप्टन साक्षी कश्यप, वाइस कैप्टन राघव अग्रवाल, हाउस प्रीफेक्ट संजीव अग्रवाल,अरबिंदो हाउस कैप्टन क्रिस अग्रवाल, वाइस कैप्टन कनीज फातिमा, हाउस प्रीफेक्ट रीया महांती,विवेकानंद हाऊस कैप्टन बंदना मेहेर, वाइस कैप्टन दीपा कश्यप, हाउस प्रीफेक्ट आराध्या

साहू,श्रद्धानंद हाऊस कैप्टन अरविंद राजपुरोहित, वाइस कैप्टन दिशा फरिकार, हाउस प्रीफेक्ट निहाल साहू को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि रहे पुलिस थाना देवभोग के टीआई गौतम गावड़े-कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस थाना देवभोग के टीआई श्रीमान गौतम गावड़े जी थे, बच्चों के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें कक्षा चौथी के छात्र छात्राओ के नृत्य ने सबका मन मोह लिया । मुख्य अतिथि जी ने अपने उद्बोधन में बच्चों से कहा कि हमें पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों, खेलकूद मे भी भाग लेना चाहिए जिससे हमारा मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी हो सके, उन्होंने गत वर्ष की सीबीएसई 12 वी बोर्ड की जिला टॉपर सुहानी अग्रवाल को भी सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। उन्होंने बच्चों को अधिक मेहनत कर अपने विद्यालय, माता पिता, अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

सुहानी अग्रवाल को किया सम्मानित-पिछला सत्र 2022-23 में सीबीएसई 12वी बोर्ड में पुरे गरियाबंद जिले की टॉपर सुहानी अग्रवाल को उनके माता पिता के साथ सम्मानित किया गया। सुहानी अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के अनुकूल वातावरण, शिक्षको का मार्गदर्शन, माता पिता का पूर्ण सहयोग तथा कठोर परिश्रम के कारण मुझे ये सफ़लता मिली जिसके लिए उन्होने विद्यालय तथा सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए। विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने मुख्य अतिथि जी, सुहानी अग्रवाल , उन्हें माता पिता अन्य पालक गण का विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किए तथा समस्त शिक्षकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना किए, उन्होंने सुहानी अग्रवाल के माध्यम से सभी बच्चों को प्रेरित किए और कहा कि सफ़लता के पीछे पिछले कई वर्षो का मेहनत, नियमित विद्यालय आना, हर एक परीक्षाओं में उपस्थित होना तथा एक उद्देश्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने से सफ़लता मिलती है। उन्होंने नव निर्वाचित छात्र परिषद् के समस्त छात्र छात्राओं से कहा कि जब तक हम स्वयं अनुशासित नहीं होंगे तब तक हम दूसरो से अपेक्षा नही कर सकते इसलिए पहले अनुशाशित होना है और अपने दायित्व को पूर्ण ईमानदारी, निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही और सबको शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गोपाल ताम्रकर ने किया।

कलेक्टर ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत जिले की विधानसभा गोहद एवं मेहगांव के मतदान केन्द्र बिरखड़ी, डांग, मालनपुर, शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल मेहगांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाईजर से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विशेष शिविर के दौरान फार्म-6, 7 एवं 8 के तहत् की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

थाना धारकुण्डी पुलिस ने अर्धविक्षिप्त महिला को किया परिवारजन के सुपुर्द

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

घटना विवरण दिनांक 19.8. 2023 को ग्राम करिगोही की आमजनता द्वारा जरिये मोबाइल फोन सूचना प्राप्त हुई कि एक अजनबी महिला उम्र करीब 24 वर्ष की मिली है जो अपना सही नाम पता ठिकाना नही बता रही है जो सूचना की तस्दीक मौके से की गई उपरोक्त महिला से महिला अधिकारी द्वारा पूंछतांछ करने पर अपना नाम संगीत शर्मा पति केशव उर्फ रिंकू शर्मा निवासी मेदनीपुर थाना सिविल लाइन सतना का होना बताई जिसे उसके घर ग्राम मेदनीपुर पहुँचकर उसके पति केशव उर्फ रिंकू शर्मा के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में धारकुण्डी पुलिस एवं पत्रकार बंधुओ का सराहनीय योगदान रह।

सतना जिला के मझगमा थाना प्रभारी आदित्य सेन का हुआ भव्य विदाई समारोह

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना जिले के मजगामा थाना के थाना प्रभारी आदित्य कुमार सेन का स्थानांतरण अमरपाटन हुआ आज मझगमा थाना में मझगमा पुलिस का समस्त स्टॉप थाना प्रभारी आदित्य सेन का साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह

देकर भावपूर्ण विदाई किए आदित्य कुमार सेन के विदाई समारोह में मजगामा के समस्त पत्रकार भी आदित्य सेन का फूल माला एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बोल बम नारों के साथ कांवड लेकर निकले श्रृद्धालु

पूर्व विधायक सक्सेना भी हुए यात्रा में शामिल

सीहोर। रविवार को पूर्व विधायक रमेश सक्सेना और जिला पंचायत सदस्य शशांक सक्सेना की अगुवाई में अहमदुपर क्षेत्र में विशाल कांवड यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की तादाद में ग्रामीण जन शामिल हुए। श्रृद्धालु उत्साह के साथ कंधों पर कांवड रखी बोल बम के नारों के साथ निकले। पन्द्रह किमोमीटर तक यह यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्रामीण श्रृद्धालुओं ने बढचढ का हिस्सा लिया। चांदबढ जागिर के समीप पारूआ नदी से कावडों के जल भर कर कावडिएं वनखेडा टेकरी स्थित मंदिर में आए जहां श्री सक्सेना के साथ ही कावडियों ने शिव लिंग पर जल चढा कर अभिषेक किया। श्री सक्सेना ने कहा कि क्षेत्र की जनता खुशहाल रहे, समृद्ध हो इसलिए यह बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की गई है।

थाना सिंहपुर पुलिस की बडी कार्यवाही अवैध अंग्रेजी शराब तस्करी करने व बेचने वाले 02 आरोपीयों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुस्पांजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एसडीओपी महोदय नागौद के मार्गदर्शन में थाना सिंहपुर पुलिस की कार्यवाहीघटना का विवरण ङ्क दिनांक 19/08/23 को दौरान विवेचना के ग्राम आमा में मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की दो व्यक्ति एक काले रंग के प्लास्टिक की बोरी मे अंग्रेजी शराब की पेटी लेकर किसी गाडी के इन्तजार मे अथवा ग्राहक के इन्तजार मे बैठे है , साक्षियो को एवं पुलिस बल को हमराह लेकर मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो आमा मेन रोड किनारे दो व्यक्ति काले रंग की बोरी रखे दिखे जिन्हे गवाहों और स्टाफ की मदद से घेरा बंदी की गई जो उन दो व्यक्तियों में से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर खेतों के रास्ते भाग गया एवं मौके पर एक व्यक्ति मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूछा गया जो अपना नाम जितेन्द्र उर्फ रामसेवक कुशवाहा पिता राजू कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी खैरहा टोला आमा थाना सिंहपुर जिला सतना का होना बताया और जिसके पास एवं कब्जे से एक काले रंग की प्लास्टिक बोरी को खोलकर देखा गया जिसमें बोरी के अन्दर रखी गई खाखी रंग की 06 नग कागज कार्टून पेटी देखा गया तो उसके अन्दर खाखी रंग की 06 कार्टून रखे पाये गये सभी कार्टूनो के उपर अंग्रेजी से गोवा व्हिस्कीलेख था जिन्हे खोल कर देखा गया तो सभी पेटियो मे 50-50 कांच की शीशी प्रत्येक शीशी 180ख्की शराब की शीशियो को निकाल कर आपस मे मिलाकर उनकी गणना की गई तो कुल 300 शीशी गोवा व्हिस्की शराब की शीशी पाई गई । आरोपी द्वारा कोई कागजात न होना बताया तथा आरोपी द्वारा उक्त अंग्रेजी शराब ग्राम उसरहा के दीपक उर्फ लल्ली पिता रामचरण कुशवाहा सा.उसरहा थाना सिंहपुर के द्वारा अवैध तरीके से बिक्री हेतु शराब लाकर रखना एवं बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करना,और पुलिस को मौके पर आता देखकर भाग जाना बताया जो उक्त दोनों आरोपीगणों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी जितेन्द्र उर्फ रामसेवक कुशवाहा पिता राजू कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी आमा खैरहा टोला थाना सिंहपुर के कब्जे से उक्त शराब की जप्ती समक्ष गवाहनो के समय 18.10 बजे जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया आरोपी जितेन्द्र उर्फ रामसेवक कुशवाहा गिरफ्तारी का कारण बताते हुये विधिवत समय 18.30 बजे गिरफ्तार किया गया एवं आज दिनांक 20.08.23 को फरार आरोपी दीपक उर्फ लल्ली कुशवाहा को ग्राम देवरी उसरहा बगीचे से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है एवं आरोपी दीपक उर्फ लल्ली के कब्जे से 02 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब गोवा जप्त किया गया है। उक्त दोनों आरोपियो को पेश न्यायालय किया गया है । माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपीयों को उप जेल नागौद मे दाखिल कराया गया है ।

गिरफ्तार आरोपी का नाम

1.जीतेन्द्र उर्फ रामसेवक पिता राजू कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम आमा खैरहा टोला 2.दीपक उर्फ लल्ली कुशवाहा पिता रामचरण कुशवाहा उम्र 19 वर्ष सा.देवरी उसरहा थाना सिंहपुर जिला सतना(म.प्र.)

जप्त संपत्ति का विवरण - 400 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 44,000 रूपया ।

सराहनीय भूमिका । उप निरी. शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर,सउनि अमृतलाल वर्मा,प्र.आर.480 राजेश दुबे, आर.शोभित सिंह,आर. राजेश कुमार

भागवत कथा का भव्य आयोजन निकलेगी भव्य कलश यात्रा जगह जगह होगा स्वागत

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना।संगीतमय श्रीमद् भागवत् कथा का भव्य आयोजन 21 अगस्त से 27 अगस्त तक किया गया है।कथा व्यास आचार्य भोले शंकर जी महाराज दिल्ली होंगे।पूर्णाहुति एवं भण्डारा28 अगस्त दोपहर 3 बजे से आपके आगमन तक।श्रावण मास के पुण्य अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन सोमवार, 21 अगस्त से सोमवार 28 अगस्त तक किया गया है।कथा समय मूल पाठ प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 तक प्रवचन दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक सुनिश्चित किया गया है।भागवत कथा के अवसर पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकल जाएगी। जिसका जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा।भागवत कथा के दौरान विभिन्न चरित्रवाराह अवतार, ध्रुव चरित्र अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतारश्री राम एव कृष्ण %जन्मोत्सव बाललीला, गिरिराज पूजन, कंश वध, गोपी उद्धव संवाद श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाहसुदामाचरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम एवं हवन गोतर्पण, महाप्रसाद भण्डारा का आयोजन किया गया है।कथा स्थल कृष्ण नगर, मुरली भवन के पीछे, गोपी काकू के मकान के पास, कबाड़ी टोला, सतना।संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजनरंजीत विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा है।

जैतपुरा सीरवी समाज की कार्यकारणी कमेटी गठित हुई

दैनिक पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगाराम मुलेवा

हैदराबाद में जैतपुरा सीरवी समाज की कार्यकारणी कमेटी गठित हुई पाली जिला के ग्रांम जैतपुरा सीरवी समाज का एक दिवसीय केसरगुट्टा मंदिर के लिए सावन मास की सैर रखी गई थी । जहां जैतपुरा सीरवी समाज के हैदराबाद में रहने वाले सपरिवार सहित केसरगुट्टा मंदिर के प्रांगण में जाकर भगवान रामलिंगेश्वर स्वामी के दर्शन के लाभ लिया ओर उस समय कुछ सज्जनों के मन में ख्याल आया की आज हम जैतपुरा गांव के समस्त सीरवी भाई-बहन एकत्रित हुए है ।क्यों नी आज ही एक जैतपुरा के रहने वाले सीरवी समाज की हैदराबाद में कार्यकारणी कमेटी गठित करे तब तेजाराम राठौड़ ने बताया की सही बात है । आज हम सब सपरिवार सहित एकत्रित हुए है तो आज ही गठित करे तब इस प्रकार से कमेटी गठित हुई । अध्यक्ष तेजाराम राठौड़ , । उपाध्यक्ष पुनाराम वरपा , ।। उपाध्यक्ष पुनाराम हाम्बड़ , । सचिव चंदाराम लचेटा, सह सचिव उदाराम वरपा, कोषाध्यक्ष चिमनाराम वरपा , सलाहकार सदस्य चुन्नीलाल लचेटा,नेमाराम राठौड़ ,छोगाराम वरपा, मिडिया प्रभारी कैलाश वरपा, मनोनीत सदस्य हरिलाल लचेटा, सुरेश वरपा मुलाराम सोयल इस तरह गठित हुई सभी कार्यकर्ताओं ने जो कमेटी के लिए निर्णय लिया बिलकुल सही है । उसके बाद खेलकूद व महिलाओं द्वारा भजनों का कार्यक्रम चलता रहा दोपहर में दाल बाटी चुरमा का प्रसाद बनाया ओर भगवान रामलिंगेश्वर स्वामी जी को प्रसाद का भोग चढ़ाकर सभी लोगो ने भोजन प्रसाद किया ओर उसके बाद फिर बच्चो के अलग-अलग खेल-कूद रखकर बच्चो को खेल-कूद व मनोरंजन करवाया गया था

क्या विक्रम और शिवराज होंगे आमने सामने

राजनीति के धुरंधर और टीवी के हनुमान पर होगी सबकी नजर

सीहोर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सामने क्या कांग्रेस पार्टी किसी नए चेहरे को अपना उम्मीदवार बनाने जा रही है। इस बात की चर्चा ब?ी तेजी से बुधनी विधानसभा क्षेत्र में चल रही है। अगर ऐसा होता है तो टीवी सीरियल के हनुमान जी के किरदार में लोकप्रिय रहे स्थानीय निवासी युवा विक्रम मस्ताल शर्मा अपनी इसमेंज को जरूर भुनाना चाहेंगे। ज्ञात रहे कि कुछ माह पहले ही विक्रम मस्ताल ने पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री कमल नाथ के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद उन्हें नर्मदा बचाओ सेना का संयोजक भी बनाया गया है। इसके चलते अब लगभग हर दिन विक्रम क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। वैसे टी विक्रम ने कई फिल्मों और टीवी सीरियल्स में कई किरदार निभाये हैं। लेकिन उनकी खास पहचान रामायण सीरियल में हनुमानजी का पात्र निभाने से बनी है। वह शनिवार को रेहटी तहसील के आदिवासी गाँव खापा में आदिवासी भइयो से मिले। इस गाँव में लोग मूलभूत सुविधा से कोसों दूर हैं। ज्ञात रहे कि इस गाँव को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोद लिया था। विक्रम आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का चेहरा हो सकते हैं यह बात उन्होंने खुद स्वीकार की है। विक्रम कमल नाथजी के करीबी माने जाते हैं और नर्मदा सेवा सेना के समन्वयक हैं। जिसे कुछ दिन पहले प्रदेश कांग्रेसअध्यक्ष कमलनाथ ने हरी झंडी दिखाई थी बुदनी में जिस तरह से विक्रम सक्रिय हुए हैं तो लगता है कि आगामी विधानसभा चुनाव शिव बनाम हनुमान के मध्य हो सकता है।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

सूरत। मेरा माटी मेरा देश अभियान अंतगर्त सूरत शहर पुलिस द्वारा आज दिनांक 20.अगस्त रविवार को महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मैचों का आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुजरात राज्य के गृहमंत्री हर्षभाई संघवी साहब एंव सूरत पुलिस कमिश्नर अजयकुमार तोमर साहब आईपीएस एवं फोस्टा के अध्यक्ष कैलाश भाई हाकिम, फोस्टा के उपाध्यक्ष रामलाल सीरवी, फोस्टा के कोषाध्यक्ष नानालाल राठौड़ एवं फोस्टा के डायरेक्टर व गणमान्य मेहमान उपस्थित रहे ।

यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले 117 वाहन चालकों के खिलाफ की गई चालानी कार्यवाही

दैनिक पुष्पांजलि टुडे
शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा

रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे में नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले 117 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। बताया गया है कि इस दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ चलानी कार्यवाही करते हुए 47 हजार का हर्जाना वसूला इस कार्यवाही के दौरान यातायात थाना प्रभारी अखिलेश कुशवाहा सहित अन्य यातायात पुलिस कर्मी उपस्थित रहे यातायात पुलिस द्वारा ठ्ठ30 में लग्जरी कार बस ट्रक सहित अन्य वाहनों के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर राशि वसूल की गई हाईवे में बढ़ रहे हादसों में कमी लाने के उद्देश्य के मद्देनजर यह कार्यवाही यातायात पुलिस द्वारा की गई यातायात पुलिस द्वारा तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यह कार्यवाही की गई यातायात पुलिस की माने तो भारत सरकार सड़क परिवहन मंत्रालय अथवा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रत्येक सड़क पर वाहनों की गति सीमा को निर्धारित किया गया है जो वाहन गति सीमा का उल्लंघन करते हुए पाए गए उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई एक सर्वे के अनुसार जिले में सड़क हादसों में हो रही मौत का कारण तेज गति का होना पाया गया है सड़कों में हो रही दुर्घटना में कमी लाने और मृत्यु के प्रतिशत को कम करने के लिए पुलिस मुख्यालय से आय निर्देश के बाद ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों के खिलाफ यह कार्यवाही की गई।

रीवा के सिरमौर मार्ग पर अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलटी दो युवक घायल बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुआ हादसा

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। सिरमौर बैकुंठपुर मार्ग पर पिपरी मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलट गई इस सड़क हादसे में दो लोग के घायल होने की सूचना मिली है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर बैकुंठपुर मार्ग पर दोपहर तकरीबन 12:00 बजे पिपरी से बैकुंठपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे बने नाले में जा घुसी। बताया गया है कि घटना के दौरान वाहन में 2 लोग सवार थे, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल बाहर निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। बताया गया है कि स्कार्पियो सवार युवक बैकुंठपुर कस्बे के निवासी हैं ,और पिपरी गांव किसी काम से गए थे। वहां से लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए।

सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा की विचारधारा को अंतिम समाज के व्यक्ति तक पहुंचकर योद्धा के रूप में कमर कसें :सरिता भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । आगामी विधानसभा चुनाव मिशन 2023 विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत के साथ अपने कार्यकर्ताओं को बूथ केंद्र पर योद्धा के रूप में तैयार हो चुके हैं यह चुनाव देश और प्रदेश के विकास और प्रकृति को तय करेगा हम सब सोशल मीडिया पर काम करने वाले कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचा कर योद्धा की तरह केंद्रित रहे। गरीब कल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सोशल पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की है जब हम व्यक्ति नहीं विचार के लिए काम करेंगे तो निश्चित ही सोशल पर हमारी पार्टी की ताकत बढ़ेगी। यह बात इटावा सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया अपने प्रवासी कार्यक्रम के आठ दृश्य दौरे के तहत उन्होंने संगम गार्डन में विधानसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में व्यक्त किया।केंद्रीय और मध्यप्रदेश भाजपा संगठन द्वारा इटावा से विधायक सरिता भदौरिया जी का आठ दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान भिंड जिला की अटेर विधानसभा में प्रवास पर आगमन हुआ,इस दौरान उन्होंने विभिन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, विधानसभा स्तरीय बैठक , सोशल मीडिया की समीक्षा, विधानसभा टीम एवं टोली के साथ दोपहर का भोजन किया इसके उपरांत उदोतपुरा में दीवार पेंटिंग अभियान में हिसा लिया मौजूदा राजनीतिक हालात और रणनीतियों पर चर्चा की साथ ही आगामी चुनावों के लिए सोशल मीडिया का लाभ उठाने पर चर्चा जी एवं सामान्य मेल मिलाप हेतु विचार

परिवार के सदस्यों के साथ रात्रि भोज किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार है पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतोदय की विचारधारा के साथ हर गरीब को आत्मनिर्भर विकास की मुख्य धारा से जोड़ रही है। सोशल मीडिया हमारा मुख्य आधार है जब हम बूथों पर अपनी विचारधारा के लोगों को जोड़ेंगे और आपकी ही आवाज के साथ योजनाएं पहुंचेगी तो निश्चित ही हमारी सोशल मीडिया पर हर व्यक्ति केंद्रित होकर इन योजना का लाभ प्राप्त करते हुए आत्मनिर्भर बनेंगे इसके लिए हमारे कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को और योजनाओं को जन-जन तक पहुंच कर लाभ दिलाने का काम करें और जो व्यक्ति हमारा विरोध कर रहा है हम पूर्ण रूप से सोशल मीडिया पर केंद्रित होकर उसकी तत्काल जवाब देकर उसे पर अपनी पोस्ट प्रकाशित करें।विधायक श्रीमती भदौरिया ने आईटी विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ संगठन आत्मक समीक्षा की और कहा कि संगठनत्मक कार्यक्रमों की प्रत्येक जानकारी संगठन एपपर भेजें। विधानसभा क्षेत्र की सारी गतिविधियां अब रोड हो। विभाग के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक कार्यक्रमों की तत्काल एप पर पहुंचा कर अपनी ताकत को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा की वर्तमान समय में आईटी सेल और सोशल मीडिया का बहुत बड़ा महत्व है यही हमारे चुनाव जीतने के मुख्य आधार है।भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा जैन, जिला महामंत्री आरती पाठक संगीता कौशल भाजपा जिला मंत्री रश्मि खटीक गीता राजावत सर्किट हाउस पहुंचकर उनकी अगवानी करते हुए उस पर पहना कर स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राय सिंह नरवरिया, ओमेंद्र सिंह भदौरिया, सोशल मीडिया प्रभारी राजपाल सिंह भदौरिया, प्रमुख पदाधिकारी साथ थे।

संपादकीय

फोटो और फोटोग्राफी

तस्वीर को हकीकत में बनाने का श्रेय फ्रेंच वैज्ञानिक जोसेफ नाइसफोर और लुइस डॉगेर को ही जाता है। इन्होंने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया का आविष्कार 1820 के करीब किया था। यह फोटोग्राफी की सबसे पहली प्रक्रिया है। इसकी मदद से ही दुनिया का पहला तस्वीर 1826 में कैप्चर की गई। पहली तस्वीर लेने में 8 घंटे लगे थे। इसे जोसेफ नाइसफोर ने अपने घर की खिड़की से लिया था। 1855 में जेम्स क्लर्क मैक्सवेल द्वारा सुझाए गए तीन–रंग विधि द्वारा बनाई गई। पहली रंगीन तस्वीर, 1861 में थॉमस सटन द्वारा ली गई थी। विषय एक रंगीन रिबन है, जिसे आमतौर पर टार्टन रिबन के रूप में वर्णित किया जाता है। पहला रिफ्लैक्स कैमरा 1928 में टीएलआर के रूप में आया। यह काफी पॉपुलर हुआ। सन् 1933 में एसएलआर का डिजाइन बनना शुरू हुआ, जिसमें 127 रॉलफिल्म लगी हुई थीं। 3 साल बाद 135 फिल्म्स के साथ एक नया मॉडल आया। मोबाइल फोन ने फोटोग्राफी कला का विस्तार किया है। आम जनमानस की सोच इनमें दिखती है। हर फोटो कुछ कहती है। चित्र जनसंप्रेषण के सशक्त माध्यम होते हैं। चित्रों की प्रमाणिकता को साबित करने की जरूरत नहीं पड़ती। चित्र खुद–ब–खुद प्रमाण होते हैं। चित्र मानव की सौंदर्यानुभूति की विशिष्ट प्रस्तुति भी होते हैं। प्राचीन काल से ही मनुष्य ने अपने भावों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। विविध प्रागैतिहासिक और प्राचीन कालीन गुफा तथा भित्तिचित्र इसके सशक्त उदाहरण है। मनुष्य जीवन और प्रकृति से जुड़ी जिन उपस्थिति को देखता है और जो उन्हें आकर्षित करती है, उसे वह चित्रों के रूप में उतार लेता है। चित्रकारी मानव की मूल प्रवृत्ति रही है। लेकिन सजीव फोटो उतारने का काम कैमरे की मदद से किया जाता है। फोटो जीवंत इतिहास होते हैं। मानव की सौंदर्यानुभूति को सहेज कर रखने का काम करते हैं। फोटो को शब्दों का विकल्प भी कहा गया है। एक फोटोग्राफ एक हजार शब्दों की व्याख्या कर देता है। चित्र अभिव्यक्ति का ऐसा माध्यम है, जहां शब्दों की जरूरत नहीं होती। तस्वीर एक साथ कहानी कहने और गवाही देने का कार्य करती है। कभी–कभी जिंदगी से जुड़े चित्र इतनी गहरे मन में उतर जाते है कि व्यक्ति सोचने पर विवश हो जाता है। हमें संसार के बारे में गहराई से सोचने पर मजबूर कर देते हैं। कैमरा तस्वीर खींचने में क्षण भर ही तो लगाता है। कितना सत्यवादी होता है। जैसा देखता है वैसा ही फोटो लेता है। आपकी आंखों से देखता है और आपके मस्तिष्क की सोची हुई बात को अंकित करता जाता है। उसे दुख–सुख, छोटा–बड़ा, अमीर–गरीब, सुंदर–कुरूप का बिल्कुल ही भान नहीं होता। तस्वीरें भी कैमरे की तरह कभी झूठन हीं बोलती। अपनी कहानी खुद कहती है। केवल वर्तमान की ही नहीं वरन भूत और भविष्य की भी कहानी कह देती है। तस्वीर कभी बोलती नहीं, चाहे जितनी भी जीवंत प्रतीत हो। जीवित हो या मृत, हर दृष्टि से तस्वीर सदैव निर्जीव ही है। जीवित या मृत व्यक्ति के छायाचित्र में कोई अंतर नहीं होता। दोनों ही स्थिति में छायाचित्र हमेशा मुक, अविचल और स्थित होता है। तस्वीर केवल सुख ही नहीं बल्कि दुख के क्षणों को भी स्मरण करा देती है। यदि छाया चित्र बोलता है सांत्वना देता है, वह केवल तस्वीर देखने वाले व्यक्ति की खुद की सोच पर निर्भर करता है। फोटोग्राफी विशिष्ट कलात्मक विद्या है जो अतिरिक्त सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता की मांग करती है। कैमरे के माध्यम से भावना को आंदोलित कर सकने वाले लक्षणों को कैद करना आसान काम नहीं है। एक सजीव फोटोग्राफ पाने के लिए अनेक चित्र खींचना पड़ता है। इंतजार करना पड़ता है। इसलिए फोटोग्राफर के लिए धैर्यवान होना अत्यंत आवश्यक है। सही चित्र को उसके आकर्षक रूप में प्राप्त करने और प्रस्तुत करने के लिए तकनीकी दक्षता तथा रंग, प्रकाश का ज्ञान भी फोटोग्राफर के लिए जरूरी है। फोटो समाचार पत्र को आकर्षक तथा विश्वसनीय बनाते हैं। फोटो प्रामाणिक इतिहास होते हैं। बीते हुए समय के चित्र से जीवंत और विश्वसनीय प्रमाण और कुछ भी नहीं हो सकता। चित्रों की अपनी भाषा होती है जिसको समझने के लिए किसी संकेत चिन्ह की जरूरत नहीं पड़ती। चित्र अपने आप में मानवीय अनुभूति को उद्वेलित कर उसकी भावुकता को प्रवाह देने में सक्षम होते हैं। समाचारों की दृष्टि से चित्रों का विशेष महत्व होता है। फोटो समाचार की विश्वसनीयता और जीवन्तता को बढ़ाते हैं। विवादास्पद बातों पर फोटो द्वारा की गई अभिव्यक्ति निर्णायक होती है। पाठक फोटो युक्त समाचार को ज्यादा सुगमता पूर्वक ग्रहण करते हैं तथा यह उनके मस्तिष्क पटल में अपेक्षाकृत दीर्घ अवधि तक सुरक्षित रहता है।

लालकिले से उभरी विकसित भारत की तस्वीर

> *आतंकी घटनाओं में कमी आई है, परिवर्तन का वातावरण बना है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना लेकर चलने की बात कही और ये भी कहा कि हमें राष्ट्रीय चरित्र के लिए और बल देते हुए आगे बढ़ना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक निर्णायक मोड़ पर है और इसमें कोविड महामारी के बाद उभर रही नयी विश्व व्यवस्था को आकार देने की ताकत है।*

आजादी के शुभदिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में विकसित भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री के उद्बोधन का विरोधी दल भले ही कटु आलोचना करें। लेकिन एक आम भारतीय की नजर से देखें तो उसे प्रधानमंत्री के भाषण में एक विकसित भारत साफ तौर पर दिखाई देता है। और इसकी ठोस वजह है प्रधानमंत्री मोदी के पिछले नौ साल की उपलब्धियां और उनकी कार्यप्रणाली। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नये, विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में दिन–रात जुटे हुए हैं। ऐसे में आम भारतवासी उनके शब्दों और वायदों पर पूरा भरोसा करता है। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दो महत्त्वपूर्ण लक्ष्य तय किए और उनकी घोषणा की। एक, आजादी के 100 साल बाद 2047 में भारत 'विकसित राष्ट्र' होगा। दूसरा, आगामी 5 साल में जो फैसले लिए जाएंगे और काम किए जाएंगे, उनका असर 1000 साल तक रहेगा। लक्ष्यों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने देश की जनता से मदद मांगी और आशीर्वाद चाहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से विकास का रोडमैप भी बताया और ये भी कि अर्थव्यवस्था का तेज विकास किस तरह होगा। उन्होंने ने किसान से लेकर गरीब तक, महिलाओं से लेकर मणिपुर हिंसा तक, समय से पहले नए संसद भवन के निर्माण का भी उल्लेख किया और कहा कि ये नया भारत है। ये संकल्पों से भरा भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि आर्थिक शक्ति बढ़ी है तो हमारी सामरिक शक्ति को भी नई ताकत मिली है। उन्होंने सेना को युद्ध योग्य बनाने के लिए निरंतर रिफॉर्म का उल्लेख किया और बम धमाके की घटनाओं का जिक्र भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीरियल बम धमाके का जमाना बीती बात हो गई है। आतंकी घटनाओं में कमी आई है, परिवर्तन का वातावरण बना है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना लेकर चलने की बात कही और ये भी कहा कि हमें राष्ट्रीय चरित्र के लिए और बल देते हुए आगे बढ़ना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक निर्णायक मोड़ पर है और इसमें कोविड महामारी के बाद उभर रही नयी विश्व व्यवस्था को आकार देने की ताकत है। उन्होंने देशवासियों को अगले पांच वर्षों में उज्ज्वल भविष्य के साथ 'नए भारत' का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद देश और दुनिया में काफी बदलाव देखने को मिले हैं। प्रधानमंत्री के संबोधनों में राजनीतिक संदेश भी छिपे रहते हैं। हो सकता है कि इस बार के संबोधन में आगामी लोकसभा चुनाव की दिशा में कोई संकेत छिपा हो। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने 'पंच प्रण' की घोषणा की थी। उन्होंने देशवासियों से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने, आपसी मानसिकता के किसी भी संकेत को समाप्त करने, भारत की धरोहर पर गर्व करने, एकता की शक्ति को मजबूत करने और ईमानदारी के साथ नागरिक कर्तव्यों को पूरा करने की अपील की थी। 2014 में लाल किले की प्राचीर से पहले स्वतंत्रता दिवस के भाषण में उन्होंने स्वच्छ भारत और जन धन खातों जैसे कई नए कार्यक्रमों की घोषणा की। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले, 2018 में मोदी ने गरीबों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत शुरू की थी। स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधनों में, उन्होंने 2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ पद की स्थापना, 2021 में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। गति शक्ति योजना और 75 वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की घोषणा भी लाल किले से हुई। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के संबंध में उद्योग जगत के अहम लोगों को मानना है कि, भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प अगले पांच वर्षों में आसानी से साकार हो जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में जिन उपलब्धियों और लक्ष्यों का उल्लेख किया, उसने वास्तव में अमृत काल में अग्रणी वैश्विक महाशक्ति के रूप में भारत के उदय के लिए सही पृष्ठभूमि तैयार की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत ने निश्चित रूप से समानता के साथ स्वच्छ ऊर्जा, वैश्विक शांति और समृद्धि जैसे कई परिवर्तनकारी क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व करने की पहल की है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, परिवार–आधारित पार्टियों और तुष्टीकरण को भारत की राजनीतिक व्यवस्था, शासन और विकास को प्रभावित करने वाली तीन बुराइयां बताईं। उन्होंने भ्रष्टाचार जैसा मजबूत और वैध मुद्दा उठाया। यह असल में ऐसा कैंसर है जिसने हमारे राजनीतिक प्रतिष्ठान को खोखला किया है और शासन व्यवस्था को कमजोर किया है। हमारी तरक्की को भी प्रभावित किया है। यह भी सच है कि केंद्र सरकार में शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार कम हुआ है। इसका श्रेय मोदी को जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भ्रष्टाचार व्यवस्था की जड़ों में मट्ठा का काम करता है और मजबूत से मजबूत इमारत को भी हिलाकर रख देता है। ऐसे में जब भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी तो देश के विकास को पंख लगना तय है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले नौ सालों में कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। सभी भारतीयों को इन उपलब्धियों पर गर्व महसूस करना चाहिए चंद्रयान, भारत में डिजिटल क्रांति, भारत की एनर्जी बास्केट में अक्षय ऊर्जा का तेजी से विस्तार, भारत के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, बैंकिंग क्षेत्र को समावेशी बनाना, जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व में विकास, महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान, वगैरह. इसमें कोई शक नहीं है कि इसका श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। तस्वीर साफ है कि जीवन के हर क्षेत्र में देष तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से घोषणा की है कि वह 2 करोड़ महिलाओं को 'लखपति' बनाएंगे और ग्रामीण स्व सहायता समूहों को ताकतवर बनाएंगे। यह तो किसी भी विकसित राष्ट्र की बुनियाद है, जिसे अभी बनाने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने 'विश्वकर्मा योजना' की भी घोषणा की है। जो शिल्पकार, मिस्त्री, स्वर्णकार आदि हाथ और औजार से काम करते हैं, उनकी मदद इस योजना के तहत की जाएगी। बेशक 2047 का लक्ष्य भी 'सपनीला' लगता है, क्योंकि विश्व बैंक ने भारत को फिलहाल 'निम्न मध्यम आय' वाली श्रेणी में रखा है, क्योंकि हमारी प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय वैश्विक स्तर पर बहुत कम है। 'विकसित राष्ट्र' बनने के मायने ये हैं कि प्रत्येक व्यक्ति, नागरिक को 'आर्थिक अवसर' जरूर मिलने चाहिए। यकीनन हमारी 30 साल की उम्र से कम वाली आबादी विश्व में सर्वाधिक है। वह हमारी ताकत भी है। वह ताकत 'विकसित अर्थव्यवस्था' तब पैदा कर सकती है, जब बेरोजगारी के मुद्दे को गंभीरता से संबोधित किया जाए। भारत में बेरोजगारी एक चिंतित सरोकार है और इसकी राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी है। रोजगार के मोर्चे पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत लंबे समय से महसूस होती है। विपक्ष की आलोचना और निंदा के बावजूद प्रधानमंत्री का लाल किले से बोला गया एक–एक शब्द करोड़ों देशवासियों के भीतर एक नयी ऊर्जा, उमंग और तरंग का संचार करता है। और अगर देशवासी विकास की दिशा में सरकार का सहयोग दें और सही दिशा में कदम बढ़ा दें तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। और देश के वर्तमान वातावरण से ऐसा आभास होता है कि देश ने आगे बढ़ने का संकल्प मन ही मन ले लिया है और देशवासी उस दिशा में पूरी मजबूती से आगे बढ़ चुके हैं। –स्वतंत्र पत्रकार

नारी सम्मान की न्यायिक शब्दावली

न्यायिक प्रक्रिया के दौरान नारी का सम्मान बनाये रखने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने नई शब्दावली दी है। अनेक ऐसे शब्द जो नारी की गरिमा को गिराने वाले होते हैं, उसकी बजाय शीर्ष अदालत ने सम्मानजनक शब्द दिये हैं। एक हैंडबुक के जरिये सर्वोच्च अदालत ने जो शब्द इस्तेमाल में लेने के लिये कहा है, आशा है कि अब कचहरी पहुंचने वाली महिलाओं को न्याय पाने के लिये अपनी प्रतिष्ठा के साथ समझौता नहीं करना होगा। शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, सम्पत्ति, विवाद होने पर बच्चों की कस्टडी आदि कई तरह के मुकदमों की सुनवाई के दौरान महिला पक्षकारों का बेहद अपमानजनक भाषावली से सामना होता है जिसके कारण उसके लिये न्याय को भूलकर अपनी प्रतिष्ठा को बचाना प्राथमिकता बन जाता है। पुरुष प्रधान समाज द्वारा रचित महिलाओं की आबरू को तार–तार करने वाले कई शब्द, वाक्य और मुहावरे समाज में खूब प्रचलित हैं। महिलाओं को संबोधित करने वाले ऐसे रुढ़िवादी शब्दों को अदालत की शब्दावली से हटाकर सुप्रीम कोर्ट ने जो नये शब्द दिये हैं, उम्मीद की जानी चाहिये कि वे कचहरी की जिरह और दस्तावेजों में ही सीमित न रहकर पूरे समाज में इस्तेमाल होंगे ताकि औरतों को कोर्ट ही नहीं वरन पूरे समाज में अपमानित हुए बिना संबोधित होने का मौका मिले। हमारे यहां महिलाओं के स्थान के बारे में चाहे जितनी महिमा गाई जाये, सच्चाई यही है कि भारतीय समाज औरतों को वह सम्मान नहीं देता जिसकी आधी आबादी हकदार है। बहुत से देशों का भी यह हाल हो सकता है। यह किसी एक धर्म या वर्ग से जुड़ी महिलाओं की भी बात नहीं है। थोड़े से अंश को छोड़ दिया जाये तो ज्यादातर महिलाएं देश में लैंगिक असमानता का शिकार हैं। फिर वे चाहें निम्न वर्ग की हों या मध्य वर्ग अथवा उच्च वर्ग की। शिक्षा ने कुछ फर्क जरूर डाला है पर असलियत यही है कि ज्यादातर महिलाएं अपने वाजिब अधिकारों की तरह ही सम्मान से काफी दूर हैं। पहले पिता या भाई के नियंत्रण में रहती स्त्रियां बाद में पति और अंततरू बुढ़ापे में पति के साथ रहते हुए या विधवा के रूप में पुत्रों पर आश्रित जीवन जीती हैं। उनकी भौतिक जरूरतों को लेकर होने वाली दुश्वारियां तो अपनी जगह पर हैं, घर हो या बाहर, वे आजीवन जिल्लत भरा जीवन जीती हैं। उन्हें जिन शब्दों से संबोधित किया जाता है वह अक्सर अपमानजनक होता है। घरों के बाहर भी महिलाओं को लेकर कोई बहुत अच्छी भाषा का उपयोग नहीं होता। जो महिलाएं समाज में प्रचलित भाषा को चुपचाप सुन लेती हैं वे अच्छी मानी जाती हैं क्योंकि यह मानकर ही चला जाता है कि उनका जीवन इसी के लिये बना हुआ है या उनके प्रति ऐसे वाक्यों या शब्दों का प्रयोग गैरवाजिब नहीं है। फिर, यदि औरत न्याय की दहलीज तक पहुंचने वाली हो तो, पुरुष का अहम अधिक आहत होता है। ऐसी औरतों के लिये कटुतर व ज्यादा अपमानजनक शब्द प्रयोग में लाये जाते हैं। ये शब्द लोक व्यवहार से चलकर कानूनी प्रक्रिया में दाखिल हो गये हैं। रुढ़िवादी भाषा महिला को उसके हक की लड़ाई में कमजोर कर देती है। औरतों को अपमानित करने वाला कानूनी दांव–पेंच शब्दों तक सीमित न रहकर महिला के विचारों और पोशाकों तक पहुंच जाता है। बलात्कार से पीड़ित महिला को इंसाफ पाने या दिलाने के लिये दामिनी मूवी की तरह उस पीड़ादायी घटना का सिलसिलेवार वर्णन करना होता है जो बलात्कार से कहीं अधिक दर्दनाक होता हैय या फिर शर्पंकश फिल्म की भांति महिला पक्षकार को नाइट पार्टी का आदी साबित कर चरित्रहीन बतलाया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत को सभ्य समाज बनने के रास्ते पर एक और कदम चलाया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तैयार की गई एक हैंडबुक बुधवार को जारी की। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों पर रोक लगाना है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे जजों और वकीलों को लैंगिक रुढ़िवादी शब्दों के इस्तेमाल से बचने में सहायता मिल सकेगी। हैंडबुक में दिये गये शब्द अब से अदालतों में जिरह करने के दौरान और उनके फैसलों में उपयोग में लाये जायेंगे। अनेक ऐसे शब्दों को वर्जित कर महिलाओं के लिये सम्मानजनक जो शब्द इस हैंडबुक में बतलाये गये हैं, उनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं– अब तक प्रचलित प्रास्टिट्यूट, हूकर या रंडी के स्थान पर सेक्स वर्कर, अडल्ट्रेस या अफेयर (व्यभिचारिणी) की बजाय शादी से इतर संबंध तथा हाउस वाइफ के बदले श्होममेकरश शब्द का इस्तेमाल होगा। ऐसे ही, कैरियर वूमन, इंडियन या वेस्टर्न वूमन, पवित्र महिला, स्लट या फूहड़ के स्थान पर केवल श्महिला शब्द का प्रयोग होगा। बिन ब्याही मां को श्मांश तथा कीप या मिस्ट्रेस को श्गैर मर्द से संबंधश कहना होगा। बाल वेश्या को ऐसी बच्ची जिसकी तस्करी की गई, जन्म से लड़का–लड़की के स्थान पर श्जन्म के समय निर्दिष्ट लड़का या लड़की, स्त्रैण (जब अपमान के उद्देश्य से इस्तेमाल में लाया गया हो) के बदले लिंग तटस्थ शब्द जैसे आत्मविश्वासी या जिम्मेदार लफ्जों का प्रयोग होगा। भड़काऊ कपड़े केवल कपड़े कहे जायेंगे और ये महिला की इच्छा के द्योतक नहीं होंगे। उनकी ना का अर्थ ना ही होगा। आशा है कि महिलाओं को जो सम्मान शीर्ष अदालत दिलाना चाहता है वह सिर्फ मुकदमों की जिरह, सुनवाई और फैसलों में ही सीमित न रहे। कोर्ट परिसरों के बाहर भी समाज औरतों को वास्तविक सम्मान देगा ताकि हम लैंगिक समानता से युक्त समाज रच सकें। कोर्ट द्वारा दिखाया गया नारी सम्मान का रास्ता आम लोगों को कुछ तो सिखायेगा!

चांद के बाद अब सूर्य पर नजर

> *इसरो ने एक के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान–3 अगर चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतर जाता है तो यह एक और महान उपलघ्धब्धि होगी। चन्द्रयान–3 के बाद अब इसरो अपना सोलर मिशन लांच करने जा रहा है।*

मानव हमेशा अंतरिक्ष, चांद और सूरज के प्रति जिज्ञासू रहा है और उसने हमेशा ही अपनी जिज्ञासा को शांघ्त करने केघ लिए अनुसंधान जारी रखा। आजादी के बाद से अब तक भारत ने अंतरिक्ष का सफर शानदार तरीके से तय किया है। साइकिल व बैलगाड़ी से शुरू हुई हमारी अंतरिक्ष यात्रा मंगल और चांद तक पहुंच गई है। इसका श्रेय देश के प्रघ्तिभावान और काबिल वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को जाता है। आज भारत मानव को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है लेकिन यह यात्रा इतनी आसान नहीं थी। साल 1947 में जब देश आजाद हुआ तब स्थिति इतनी करुण थी कि हमारे पास खाने के लिये पर्याप्त अनाज भी नहीं था, अंतरिक्ष की कल्पना करना तो बहुत दूर की बात थी लेकिन हम साहस के साथ सभी चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ते रहे। अंततरू साल 1962 में वह घड़ी आई जब भारत ने अंतरिक्ष का सफर करने का फैसला किया और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति की स्थापना की। इसरो के वैज्ञानिकों ने तमाम बाधाओं के बावजूद भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। अब यह आकाशीय घटनाओं और जीवन के अध्ययन के करीब पहुंच रहा है। साल 1969 में इस इन्धकोस्ध्पार ने श्भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनश इसरो का रूप धारण कर लिया। वर्तमान में इसरो दुनिया की 6 सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है। इसरो के चलते भारत की अंतरिक्ष में धाक बन चुकी है। इसरो ने एक के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान–3 अगर चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतर जाता है तो यह एक और महान उपलघ्धब्धि होगी। चन्द्रयान–3 के बाद अब इसरो अपना सोलर मिशन लांच करने जा रहा है। भारत का पहला सोलर मिशन यानी सूर्य की स्टडी करने वाले स्पेसक्राफ्ट आदित्य–एल1 की लॉन्चिंग सितम्बर में होगी। इसरो के अनुसार अंतरिक्ष यान को सूर्य–पृथ्वी प्रणाली के पहले लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। एल1 बिंदु के आसपास उपग्रह बिना किसी बाधा के लगातार सूर्य को देख सकेगा। सूर्य के केंद्र से पृथ्वी के केंद्र तक एक सरल रेखा खींचने पर जहां सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल बराबर होते हैं, वह लैग्रेंज बिंदु कहलाता है। सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी की तुलना में काफी अधिक है इसलिए अगर कोई वस्तु इस रेखा के बीचों–बीच रखी जाए तो वह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से उसमें समा जाएगी। लैग्रेंज बिंदु पर सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल समान रूप से लगने से दोनों का प्रभाव बराबर हो जाता है। इस स्थिति में वस्तु को न तो सूर्य अपनी ओर खींच पाएगा, न पृथ्वी अपनी ओर खींच सकेगी और वस्तु अधर में लटकी रहेगी। लैग्रेंज बिंदु को एल–1, एल–2, एल–3, एल–4 और एल–5 से निरूपित किया जाता है। इसरो एल–1 लैग्रेंज बिंदु के आसपास आदित्य–1 को स्थापित करना चाहता है। आदित्य–1 उपग्रह की मदद से सूर्य के सबसे भारी भाग का अध्यन करेगा। इससे कॉरमिक किरणों, सौर आंधी और विकिरण के अध्ययन में मदद मिलेगी। अभी तक वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना का अध्यन केवल सूर्यग्रहण के समय में ही कर पाते थे। इस मिशन की मदद से सौर वालाओं और सौर हवाओं के अध्ययन में जानकारी मिलेगी कि ये किस तरह से धरती पर इलेक्ट्रिक प्रणालियों और संचार नेटवर्क पर असर डालती है। इससे सूर्य के कोरोना से धरती के भू चुम्बकीय क्षेत्र में होने वाले बदलावों के बारे में घटनाओं को समझा जा सकेगा। इस सोलर मिशन की मदद से तीव्र और मानव निर्मित उपग्रहों और अन्तरिक्षयानों को बचाने के उपायों के बारे में पता लगाया जा सकेगा। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अनुसार वह इसरो के अगले इंटरप्लेनेटरी मिशन – सौर मिशन आदित्य एल1 के लिए ट्रैकिंग सहायता प्रदान करेगी। आदित्य–एल1 का नाम हिंदू सूर्य देवता और अंतरिक्ष यान के भविष्य के घर के नाम पर रखा गया है। वहीं एल1 – पृथ्वी–सूर्य प्रणाली का पहला लैग्रेंज बिंदु है। ईएसए ने कहा, यह कई गुणों का अध्ययन करेगा, जैसे कि कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता और उत्पत्ति। आदित्य के प्रक्षेपण के बाद निसंदेह अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की दखल और बढ़ जाएगी। सूर्य मिशन बहुत महत्वपूर्ण है और वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी तरह का एक विशिष्ट मिशन है इसलिए इसरो के वैज्ञानिकों को इस मिशन से भारी उम्मीदें हैं। अब तक सिर्फ अमेरिका, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और जापान ने सूरज के अध्ययन के लिए स्पेसक्राफ्ट भेजे हैं। इस मिशन की सफलता इसरो के लिए संभावनाओं के नए दरवाजे खोल देगी। इस अनंत आकाश में मौजूद अन्य चमकते तारों के बारे में पता करने की जिज्ञासा को और गति घमिलेगी। अगर सूर्य की ऊर्जा और उसके रहस्यों से पर्दा हटा पाने में कुछ भी सफलता मिली तो यह मानव सभ्यता का कायाकल्प करने वाला अध्याय होगा। इससे मानव अन्य ग्रहों और आकाश गंगाओं तक पहुंचने के अपने अभियान को अगले कदम तक ले जा सकेगा।

घरेलू विवाद के चलते युवक ने पत्नी, साली और साले को मारी गोली, तीनों की मौत

जौरा। जिले के बागचीनी थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर घरेलू विवाद के चलते ससुराल से भाई एवं बहन के साथ मायके जा रही पत्नी को पति व उसके एक साथी ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े बस स्टैंड पर हुई इस फायरिंग से दहशत फैल गई। गोली मारने की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए।जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र निवासी त्रिलोक सिंह परिहार का अपनी पत्नी राखी से दो-तीन दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था। रविवार को राखी का भाई सुघराज अपनी बहन जूली के साथ त्रिलोक के घर आया हुआ था। यहां पर काफी विवाद हुआ और राखी तथा उसके भाई, बड़ी बहन ने त्रिलोक की मां की पिटाई कर दी और सामान लेकर अपने गांव के लिए रवाना हो गए। राखी अपने भाई एवं बहन के साथ बस स्टैंड में बस पर सवार होने वाली थी, तभी पीछे से त्रिलोक परिहार अपने एक अन्य साथी के साथ कट्टा लिए आया और ताबड़तोड़ पांच फायर कर दिए। जिससे तीनों को गोली लगी। राखी एवं उसके भाई सुघराज की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई,

मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण में अब तक 30299 आवेदन हुए दर्ज

विशेष शिविर में 18 और 19 अगस्त को जोड़े गए 5 हजार से अधिक मतदाता

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

रीवा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन दो अगस्त को किया गया है। रीवा और मऊगंज जिले की कुल आठ विधानसभा क्षेत्रों में अब तक मतदाता सूची के संबंध में 30 हजार 299 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 20 हजार 508 आवेदन पत्र मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए प्राप्त हुए हैं। बीएलओ द्वारा फार्म 6 में प्राप्त इन आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। जिले के सभी आठ विधानसभा सभा क्षेत्रों में सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 18 और 19 अगस्त को विशेष शिविर लगाए गए। इन शिविरों में 5 हजार से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह तथा सभी एसडीएम ने इन शिविरों का निरीक्षण किया।इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जो?ने के लिए अब तक 20 हजार 508 आवेदन, नाम पृथक करने के लिए 6 हजार 167 आवेदन तथा मतदाता के एक मतदान केन्द्र से दूसरे मतदान केन्द्र में जाने के लिए 3 हजार 624 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे सभी युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए शिक्षण संस्थाओं में शिविर लगाए जा रहे हैं। मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए दो अगस्त से 20 अगस्त तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 1938, विधानसभा क्षेत्र सेमरिया में 2575, विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 1532, विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 2777 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 2599 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र मनगवां में 3265, विधानसभा क्षेत्र रीवा में 3216 तथा विधानसभा क्षेत्र गु? में 2606 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इन आवेदन पत्रों को ऑनलाइन दर्ज कर नाम जो?ने की कार्यवाही की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र युवाओं से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने की अपील की है।

रीवा एवं मऊगंज पुलिस द्वारा ऑपरेशन क्लीन के तहत वारंट तामीली का अभियान चलाकर लगभग 150 से अधिक वारंट तामील किए गए

दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)

पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह एवं मऊगंज पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश में रीवा एवं मऊगंज पुलिस द्वारा वारंट अभियान चलाकर लंबे समय से फरार स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटीयो को तलाश कर गिरफ्तार किया गया ज्यादा से ज्यादा वारंट तामीली हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश में प्रत्येक थाने से अलग-अलग टीम गठित की गई थी। गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, अभियान के दौरान पुलिस द्वारा लगभग 200 से अधिक गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की तस्दीक की गई एवं उचित समझाइश दी गई। जिसमें स्थाई वारंट 62 गिरफ्तारी वारंट 96 तामील किए गए।

सिरमौर के पूर्व विधायक ने ली आम आदमी पार्टी की सदस्यता से

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा (सम्भागीय ब्यूरो)

रीवा। जिले के सिरमौर विधानसभा से विधायक रहे राजकुमार उर्मलिया ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने सतना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आप की सदस्यता ली है। बताया गया कि वर्ष 2008 में बसपा से विधायक रहे राजकुमार उर्मलिया ने आप की प्रदेशाध्यक्ष रानी अग्रवाल के हाथों सदस्या ली है। इसके बाद उर्मलिया मुख्य कार्यक्रम में शामिल हो गए है।बता दें कि 20 अगस्त को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल रविवार को मप्र के सतना पहुंचे हैं। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी हैं। दोनों मुख्यमंत्री विंध्य में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करने सतना आए हैं। एक रिसोर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहां करीब 1000 कार्यकर्ताओं से केजरीवाल से संवाद किया है।कार्यक्रम में मप्र की अध्यक्ष एवं सिंगरौली की मेयर रानी अग्रवाल तथा प्रदेश प्रभारी दिनेश चड्ढ़ा के अलावा रीवा संभाग के तमाम नेता भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने 10 गारंटी दी है। कहा कि एक मौका केजरीवाल को दे। हम मध्य मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त कर देंगे। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बसपा ने सिरमौर से पूर्व डीएसपी वीडी पाण्डेय को उम्मीदवार घोषित कर दिया है।कार्यक्रम में मप्र की अध्यक्ष एवं सिंगरौली की मेयर रानी अग्रवाल तथा प्रदेश प्रभारी दिनेश चड्ढ़ा के अलावा रीवा संभाग के तमाम नेता भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने 10 गारंटी दी है। कहा कि एक मौका केजरीवाल को दे। हम मध्य मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त कर देंगे। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बसपा ने सिरमौर से पूर्व डीएसपी वीडी पाण्डेय को उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

सादा जीवन उच्च विचार : संत शीतल

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू- सीरवी समाज ट्रस्ट एच.एस.आर ले आऊट वडेर में चातुर्मास विराजित पुज्य सन्त राजाराम पुष्कर वालों ने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार का अर्थ यही है कि मनुष्य के स्वभाव में सादगी हो और विचार उच्च हो।जो व्यक्ति अपनी धन संपदा या ज्ञान का दिखावा करता है, वास्तव में वह अज्ञानी होता है7 धन संपदा, ज्ञान से

समृद्ध होने के बाद व्यक्ति का जीवन फल से लदे वृक्ष की तरह हो जाना चाहिए7 जिस तरह पेड़ पर फल लगते हैं तो वह नीचे की ओर झुक जाता है7ठीक उसी प्रकार ज्ञान अथवा धन प्राप्त करने के बाद मनुष्य को भी विनम्र हो जाना चाहिए7 मनुष्य का आचरण ही उसे महान बनाता है क्योंकि अच्छे आचरण से ही व्यक्ति में उच्च विचारों का जन्म होता है। इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया, उपाध्यक्ष मांगीलाल चोयल, सचिव लक्ष्मणराम आगलेसा, सह-सचिव केनाराम मुलेवा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल बर्फा, सह-कोषाध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी, मांगीलाल सोलंकी, जगाराम परिहारिया, भंवरलाल गेहलोत, वीरेंद्र गेहलोत, नवयुवक मंडल अध्यक्ष महेंद्र राठौड, सचिव मदनलाल राठौड, घनश्याम काग, किशोर राठौड, महिला मंडल एंव बलेपेट वडेर के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा सुजाराम राठौड, गोपाराम पंवार सहित समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

शहर कांग्रेस सेवादल ने विधायक मुरैना के निवास पर मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती

मुरैना। विधायक राकेश मावई के निवास कार्यालय पर शहर जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल प्रदीप रजक के नेतृत्व में आधुनिक भारत के निर्माता पंचायती राज, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी व टेलीकॉम क्रांति के जनक, युवाओं को मतदान का अधिकार देने वालें, अलगाववाद व आतंकवाद के विरोधी, वर्तमान भारत के शिल्पकार, दूरसंचार-कम्प्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से देश को एक सूत्र में पिरोने वाले आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वीं जयंती पूर्व प्रधानमंत्री के प्रतीक चिन्ह के आगे पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक राकेश मावई के बड़े भाई रविंद्र सिंह मावई ने राजीव गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलने का आव्हान किया तथा कहा कि भारत को आधुनिक भारत बनाने में अगर सबसे ज्यादा किसी का योगदान है तो वह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का है। इस दौरान जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र यादव शहर ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मुरैना विक्रमराज मुद्दल, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेश छावई,

केन्द्रीय जेल रीवा में किया गया वृक्षारोपण

दैनिक पुष्पंजली टुडे रीवा
(सम्भागीय ब्यूरो)

रीवा। विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय जेल रीवा में लायंस क्लब रीवा एवं फोटोग्राफी एसोसिएशन रीवा के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। फलदार पौधों का रोपण गौशाला परिसर में किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार, लायंस क्लब रीवा की अध्यक्ष रजनी चमरिया, एके खान, अनीता अग्रवाल एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

रीवा कलेक्टर 24 अगस्त को करेंगी राजस्व कार्यों की समीक्षा

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल 24 अगस्त को राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। समीक्षा बैठक प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भू-अर्जन, अतिक्रमण सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, आरआरसी वसूली, ऑडिट आपत्तियों के निराकरण तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए हैं।

रामपुरा गांव मे श्री आई माताजी धर्म रथ वैल का भव्य बधावा

पुष्पाजंली टुडे

पाली। मारवाड़ जोजावर के आँचल मे बचा गाँव रामपुरा गाँव मे रविवार को श्री आई माताजी वडेर मंदीर मे श्री आई माताजी के धर्म रथ वैल का बधावा गांजे बाजे व महिलाओं द्वारा गीतो के साथ भव्य रुप से बधावा किया गया । बधावा मे रामपुरा गाव के समस्त सीरवी भाई, बहीन,बच्चो,व बुजुर्गो,युवा टीम पधारकर श्री आई माताजी के दर्शन के लाभ लेकर खुशी जाहीर की। श्री आई माताजी धर्म रथ वैल के दर्शन के लिए पधारे सभी लोगों ने प्रातः कालीन आरती मे भाग लिया। साथ मे पधारे आजु बाजु के गाँव के सभी गणमान्य समाज बंधुओ श्री आई माताजी रथ वैल के दर्शन किए। उपके बाद सुबह 9-30बजे से धर्म सभा सीरवी समाज के समस्त भाई बहीनो माताओ बच्चो ओर बुज़गो की उपस्थित मे मेहंद्रजी कापसी ओर दिपारामजी काँग गुडिया वालो द्वारा श्री आई माताजी इतिहास ओर संस्कार निर्माण पर उद्धोधन दिया। गाव रामपुरा 6जोजावर8मे श्री आई माताजी वडेर का मंदीर 20साल से है जो की इस वडेर की प्राणपिष्ठान सन 2018मे श्री आई पंथ के धर्म गुरु दिवान श्री माधवसिह के कर कमलो के द्वारा किया गया समस्त रामपुरा ग्राम वासी 36कोम समाज श्री आई माताजी वडेर की प्राणपिष्ठान के साक्षी बने। ये जानकारी गमनाराम पँवार द्वारा दी गई।

जानलेवा बीमारी सर्वाइकल कैंसर के स्क्रीनिंग कैंप हो रहे आयोजित

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती बीमारी के स्तर को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा 30 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं का सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग का परीक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मिश्रा ने बताया कि स्तन कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर की बीमारी महिलाओं मे सबसे ज्यादा जानलेवा साबित हो रही है। लगभग 15-25 महिलाएं प्रति एक लाख मे से इस गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। समय पर स्क्रीनिंग हो जाने पर इस गंभीर बीमारी के खतरे से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं संजीवनी क्लीनिक में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग के कैंप लगाए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉक्टर बी एल मिश्रा ने बताया कि समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन ओपीडी मे आने वाली संभावित महिलाओं का सर्वाइकल कैंसर स्क्रीन करने की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक बुधवार को विशेष शिविर लगाकर 30 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रतहरा मे स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शैलजा सोनी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खेरी मे डॉ प्रियंका तथा शहरी पीएचसी बोदाबाग मे डॉ अर्चना पाण्डेय द्वारा 30 से 65 वर्ष की आयु की महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग व्हीआईए विधि द्वारा की जा रही है। संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर जांच कराई जा रही है। यह जाँच संजय गाधी ह्रास्पिटल स्त्री रोग विभाग, जिला अस्पताल बिछिया व सिविल अस्पताल मऊगंज मे प्रतिदिन होगी। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जानलेवा गंभीर बीमारी है। जिले की 30 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाएँ प्रत्येक बुधवार को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर विषय विशेषज्ञों द्वारा अपनी जांच कराएं, जिससे जानलेवा बीमारी से होने वाले खतरे से आपको सुरक्षित रखा जा सके।

भिण्ड पुलिस द्वारा नाईट कॉम्बिंग गश्त में दर्जनों अपराधी एवं वारंटी गिरफ्तार किये गए

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री (भा.पु.से.) के निर्देशन में भिण्ड जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के बल के साथ दिनांक 19/20-08-2023 की दरम्यानी रात कॉम्बिंग गस्त का अभियान चलाया गया, जिसमें रात्रि के समय होने वाले अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों को पकड़ने, उन में भय पैदा करने एवं रात्रि के समय वाहनों द्वारा अवैध शराब, अवैध हथियार परिवहन अन्य अवैधानिक गतिविधियों को रोकने एवं जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु वं जिला पुलिस बल - 187 की 30 टीम बनाकर शराब माफियाओ / आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गयी। उक्त गश्त के दौरान की गई कार्यवाही निम्नानुसार है-

कार्यवाही का विवरण।स्थाई वारंट तामील- 24 एवं गिरफ्तारी वारंट तामील- 51 एवं फरारी - 01 कुल 76 (आरोपीयो को अभिरक्षा में लिया गया ।)अन्य अपराधो में **गिरफ्तार अपराधी** - 04,अवैध शराब - आरोपी-8 जप्त शराब 205.3 ली.,जिलाबदर अपराधियो की चेकिंग संख्या-05,हिस्ट्रीशीटर चेक किए गए 80, गुण्डा चेक - 103,एटीएम चेक- 74,वाहन चेक - 260 । उक्त कार्यवाही में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल के साथ उपस्थित होकर सराहनीय कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही जन-सामान्य की सुरक्षा एवं अपराध मुक्त भिण्ड हेतु जारी रहेगी ।

भूपेश का चेहरा दिखाने से डर रही है कांग्रेस- ठोकने

वेणुगोपाल 89 टिकट बाद में घोषित कर लें पर पहले पाटन से कौन उम्मीदवार होगा बताएं

मुख्यमंत्री को सीएम प्रोजेक्ट करेंगे या नहीं, कांग्रेस जवाब दे- भाजपा

क्या कांग्रेस पाटन में गाय बकरी सांड को प्रत्याशी बनाएगी

रायपुर। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने कहा है कि कांग्रेस भूपेश बघेल का चेहरा दिखाने से डर रही है। कांग्रेस को भूपेश बघेल पर भरोसा नहीं है। अब तक कांग्रेस ने नहीं बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चुनाव क्यों नहीं लड़ना चाहती। कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि मुख्यमंत्री को सीएम प्रोजेक्ट करेंगे या नहींड़ करेंगे तो कब करेंगेड़ उन्होंने कहा कि एआईसीसी के महामंत्री द्वय केसी वेणुगोपाल और अजय माकन से छत्तीसगढ़ पूछ रहा है। क्या वे जवाब देंगेड़भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि भाजपा से चुनाव में बार-बार चेहरा पूछने वाले आज तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं मानते। खबरें आ रही हैं कि केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व भूपेश बघेल को राज्य में अगला नेतृत्व नहीं देना चाहता। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम की छुट्टी भी इसलिए ही हुई कि उन्होंने सार्वजनिक तौर पर अंबिकापुर में कहा था कि सभी मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। कोई भी अगला मुख्यमंत्री बन सकता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एक बार मुख्यमंत्री का चेहरा भूपेश बघेल होने की घोषणा की, लेकिन जो दीपक बैज जिला अध्यक्ष की घोषणा अपने लेटर हेड में नहीं कर सकते, वे मुख्यमंत्री का चेहरा भूपेश बोल रहे हैं। इस पर कोई भरोसा नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि वेणुगोपाल 89 टिकट बाद में घोषित कर लें पर पहले पाटन से कौन उम्मीदवार होगा, इसकी घोषणा अवश्य करें क्योंकि कांग्रेसी मंत्री कह रहे हैं कि वहां से कोई सांड चुनाव लड़ेगा। वेणुगोपाल को बताना चाहिए कि क्या कांग्रेस पाटन में भूपेश बघेल की जगह किसी बकरी या सांड को प्रत्याशी बनाएगी

विश्व चैम्पियनशिप :भारतीय निशानेबाजों ने मिश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता

बाकू (अजरबेजान)। निशानेबाज ईशा सिंह और शिवा नरवाल ने यहां आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय खेमे को खुश कर दिया। इस भारतीय जोड़ी ने स्पर्धा के फाइनल में तुर्की की इलायडा तरहान और यूसुफ डिकेच की जोड़ी को 16-10 से पराजित कर देश के पदकों की संख्या दो कर दी।

भारत इस समय एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर चल रहा है जबकि चीन पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक से शीर्ष पर काबिज है। भारतीयों ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें ईशा ने 290 और नरवाल ने 293 अंक जुटाये। उनका कुल स्कोर 583 रहा जिससे उन्हें क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने में मदद मिली और तुर्की की जोड़ी 581 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर रही।

चीन और ईरान ने समान 580 अंक जुटाये लेकिन 'इनर 10% की बदौलत चीन तीसरे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई हुआ। पर भारत के राइफल निशानेबाजों ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन किया और वे क्वालीफिकेशन चरण की बाधा भी पार नहीं कर सके। मेहुली घोष (316.0) और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (314.2) की जोड़ी ने कुल 630.2 का स्कोर बनाया और क्वालीफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहे। वहीं रमिता (313.7) और दिव्यांश सिंह पंवार (314.6) की दूसरी भारतीय जोड़ी कुल 628.3 का स्कोर बनाकर 77 टीमों में 17वें स्थान पर रही। प्रतियोगिता में शीर्ष चार टीमें ही फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। चीन के हुआंग युटिंग और शेंग लिहाओ की जोड़ी ने 632.7 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल क्वालीफाई किया। चीन की इस जोड़ी ने ईरान को 16-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि फ्रांस ने इस्राइल को 17-9 से पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया।

'बाजबॉल' ने एशेज श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया को किया परेशान : रिकी पोंटिंग

होबार्ट। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने कहा कि इंग्लैंड के 'बाजबॉल' तरीके ने एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया की टीम को परेशान कर दिया था। इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बाज' से प्रेरित शब्द 'बाजबॉल' में टीम टेस्ट क्रिकेट आक्रामक बल्लेबाजी करती है। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करने में सफल रही थी। एजबेस्टन और लॉर्ड्स में पहले दो टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 2-0 से आगे था, लेकिन इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में तीसरा टेस्ट और ओवल में पांचवां टेस्ट जीतकर श्रृंखला में वापसी करते हुए स्कोर 2-2 कर दिया। मैनचेस्टर में बारिश से प्रभावित चौथा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। विदेशी सरजमीं में श्रृंखला ड्रॉ कराकर ऑस्ट्रेलिया एशेज ट्रॉफी को अपने पास रखने में सफल रहा लेकिन टीम 2001 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत पायी है।

पोंटिंग ने कहा, 'खेल की दो विपरीत शैलियों को देखना शानदार रहा। इस श्रृंखला से पहले 'बाजबॉल' के बारे में बहुत चर्चा हुई कि इंग्लैंड इससे कैसे निपटेगा, और क्या वह शैली ऑस्ट्रेलिया की शानदार गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक पाएगी।' उन्होंने कहा, 'इस तरीके ने श्रृंखला के दौरान कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों, कोचों और कप्तान को समय-समय पर परेशान किया होगा कि वे इसका मुकाबला कैसे करेंगे।' उन्होंने इस श्रृंखला के दौरान क्रिकेट से स्तर की तारीफ करते हुए कहा कि 2-2 का नतीजा शायद उचित था।

वापसी के लिए चोटिल स्मिथ और स्टार्क की निगाहें भारत में वनडे श्रृंखला पर

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के चोटिल स्टीव स्मिथ और मिशेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में नहीं खेल पायेंगे लेकिन उनके विश्व कप से पहले भारत में होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस इंग्लैंड में एशेज के दौरान हुए कलाई के फ्रेक्चर से उबर रहे हैं जबकि स्मिथ भी बायीं कलाई की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण वह चार हफ्तों तक खेल से दूर रहे थे। दोनों 30 अगस्त से तीन सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका में होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय में नहीं खेल पायेंगे जिसके बाद सात से 17 सितंबर तक पांच वनडे की श्रृंखला होगी। ये दोनों 22 सितंबर से भारत के खिलाफ शुरु होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में बायें हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथ वापसी करेंगे जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में नहीं हैं। कमिंस की अनुपस्थिति में मिशेल मार्श दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में कप्तान होंगे। पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में भी वह यही जिम्मेदारी उठाएंगे।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप :भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे चोपड़ा

नई दिल्ली। नीरज चोपड़ा के नेतृत्व में, 27 सदस्यीय मजबूत भारतीय दल हंगरी के बुडापेस्ट में आज से शुरु हो रहे 2023 एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है।

एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले मूल्यवान प्रदर्शन हासिल करने का मौका देगी। पिछले साल, ओलंपिक चैंपियन नीरज इस प्रतियोगिता में भाला फेंक में (रजत पदक) पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय थे। 2023 में, भारत के ट्रैक और फील्ड एथलीट अच्छी फॉर्म में हैं और टीम स्थानीय परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए महीने की शुरुआत से ही हंगरी में डेरा डाले हुए है। लॉन्ग जंपर श्रीशंकर मुरली बुडापेस्ट पहुंचने वाले पहले विदेशी एथलीट थे।

27 भारतीयों में से 15 एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करेंगे। नीरज के अलावा जिन प्रमुख एथलीटों पर नज़र रहेगी उनमें से एक हैं अविनाश साबले। उनके लिए 2022 विश्व कठिन था, जहां वह 11वें स्थान पर रहे, और इस बार उनका न्यूनतम लक्ष्य फाइनल होगा। उन्होंने हाल ही में पिछले महीने सिलेसिया डायमंड लीग में प्रभावशाली 8.11.63 सेकेंड की बक्कली (एसबी 7:56.68 सेकेंड) से काफी दूर हैं। हालाँकि, अगर उनके राष्ट्रमंडल खेलों के

दौड़ लगाई थी, लेकिन वह अभी भी लेमेचा गिरमा (7:52.11 सेकेंड) या सूफियान एल रजत पदक को देखा जाए, तो सेबल निश्चित रूप से उलटफेर कर सकते हैं।

ज्योति याराजी, जिन्होंने यूनिवर्सिटी गेम्स जीतने के लिए 12.78 सेकेंड [ओलंपिक क्वालीफिकेशन से सिर्फ 0.1 सेकेंड कम] का समय लिया, लंबी जम्पर शैली सिंह की तरह कुछ बड़ा प्रदर्शन हासिल करना चाहेंगी। 19 साल की उम्र में, विश्व अंडर-20 की रजत पदक विजेता शैली दल की सबसे कम उम्र की सदस्य हैं।

कुछ अन्य होनहार भारतीय एथलीटों में सर्वेश अनिल कुशारे [पुरुषों की ऊंची कूद, पर्सनल बेस्ट- 2.26 मीटर], कृष्ण कुमार [800 मीटर, पर्सनल बेस्ट- 1:45.88 सेकेंड] और आकाशदीप सिंह [20 किमी रेसवॉक, पर्सनल बेस्ट:1:19:55 सेकेंड] शामिल हैं।

चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने वाले भारतीय-

एशियाई चैंपियन तेजिंदर पाल सिंह तूर कमर की चोट के कारण पुरुषों के शॉट पुट से हट गए, जबकि भाला फेंक खिलाड़ी रोहित यादव ने हाल ही में कोहनी की सर्जरी कराई।

तीन और भारतीय एथलीट - तेजस्विन शंकर [ऊंची कूद], चंदा [800 मीटर] और प्रियंका गोस्वामी [20 किमी रेसवॉक] - ने एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इस प्रतियोगिता को छोड़ दिया है।

जलवायु परिवर्तन के कारण ट्रैक और फील्ड का भविष्य अनिश्चित : सेबेस्टियन कोए

नई दिल्ली। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (आईएएएफ) के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण एथलेटिक्स का भविष्य अनिश्चित है।आईएएएफ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कोए ने विश्व चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर कहा, विश्व एथलेटिक्स द्वारा सर्वेक्षण में शामिल लगभग 80त्न एथलीटों ने कहा कि वे जलवायु संकट के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं और लगभग 75त्न ने कहा कि उनकी प्रतियोगिता या प्रशिक्षण पहले ही प्रभावित हो चुकी है।गर्मियों में जब जंगल की आग भड़क रही थी, पूरे दक्षिणी यूरोप में और एशिया में रिकॉर्ड उच्च तापमान लगातार बाढ़ देखी गई थी, विश्व एथलेटिक्स अध्यक्ष ने कहा कि खेल संघ जलवायु संकट को टालने के लिए सरकारों पर भरोसा नहीं कर सकते। कोए ने कहा, खेल जैसे घटक समूहों को इसे स्वयं ही समझना होगा, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि वास्तविकता में बड़े

पैमाने पर होने वाले बदलाव को अगले कुछ साल दूर से समझने के लिए हम सरकारों पर भरोसा कर सकते हैं। हाल के वर्षों में कई शीर्ष-स्तरीय कार्यक्रम तेज़ गर्मी से प्रभावित हुए हैं। दोहा में 2019 विश्व चैंपियनशिप की पुनरावृत्ति से बचने के लिए टोक्यो ओलंपिक मैराथन और रेस-वॉकिंग स्पर्धाओं को 500 मील उत्तर में साप्पोरो में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां कई एथलीटों ने गर्मी के कारण दूरी की स्पर्धाओं से नाम वापस ले लिया। बढ़ते तापमान ने 2021 में यूजीन, ओरेगॉन में ओलंपिक ट्रायल में 10,000 मीटर को पुनर्निर्धारित करने के लिए मजबूर किया। कोए ने कहा कि साल के ऐसे समय में जब तापमान अधिक अनुकूल होता है, विशेष रूप से दूर की रेस स्पर्धाओं के लिए प्रतियोगिताओं का समय निर्धारण करना एक विचार है। सितंबर के मध्य में टोक्यो में 2025 विश्व आयोजित करने का मतलब है कि उच्च तापमान उतना बड़ा खतरा नहीं है।

कोए ने कहा, हम जहां भी देखें, हमारे सामने चुनौती है। मेरे लिए एथलीटों का कल्याण हमेशा प्राथमिक होना चाहिए। यह पता लगाना हम सभी की बुद्धि से परे नहीं है। लेकिन यह एक चुनौती है जो दूर नहीं होने वाली है। कोए, जो गुरुवार को तीसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुने गए, ने कहा कि अगले चार वर्षों में बहुत कुछ हासिल करना है - सबसे विशेष रूप से, खेल को प्रमुखता में वापस लाने के लिए ट्रैक शेड्यूल का विस्तार और आधुनिकीकरण करना पहला लक्ष्य है।

मध्यक्रम में युवराज-रैना जैसा खिलाड़ी चाहता हूं तो उस पर विचार करूंगा, विश्व कप को लेकर बोले शास्त्री

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री और संदीप पाटिल ने प्रतिभाशाली तिलक वर्मा को वनडे विश्वकप के लिए भारतीय टीम के मध्यक्रम में शामिल करने की वकालत की। विश्वकप का आयोजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में किया जाएगा। शास्त्री ने कहा कि 20 वर्षीय वर्मा को टीम में शामिल करने से फायदा होगा क्योंकि वह बाएं हाथ का बल्लेबाज है।

उन्होंने कहां, 'मैं तिलक वर्मा के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हूं और मैं मध्यक्रम में बाएं हाथ का बल्लेबाज चाहता हूं। अगर मैं मध्यक्रम में युवराज सिंह और सुरेश रैना जैसा खिलाड़ी चाहता हूं तो मैं निश्चित तौर पर उसके (तिलक वर्मा) नाम पर विचार करूंगा।' शास्त्री ने कहा, 'संदीप पाटिल और एमएसके प्रसाद चयनकर्ता रहे हैं और अगर मैं अपने पैनल के साथ चयनकर्ता होता तो फिर मैं वर्तमान फॉर्म को तवज्जो देता और यह देखता कि वह कैसे रन बना रहा है।'

वर्मा ने हाल में वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पदार्पण श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। शास्त्री के 1983 के विश्वकप विजेता टीम के साथी पाटिल ने भी वर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने सूर्यकुमार यादव को भी टीम में रखने की वकालत की। पाटिल ने कहा, 'निश्चित तौर पर मैं तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को टीम में रखना चाहूंगा। अंतिम एकादश में कौन शामिल होगा यह फैसला विरोधी टीम को देखकर किया जा सकता है लेकिन तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव दोनों मेरी टीम में होंगे।'

अपनी शानदार वापसी पर बुमराह ने कहा-ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया है

बलिन। आयरलैंड के खिलाफ अपने वापसी मैच में प्रतिभा की झलक दिखाने वाले तेज भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने बहुत कुछ मिस किया है या वह पूरी तरह से कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं।

लगभग एक साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे वह इस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए, बुमराह ने बेहतरीन शुरुआत की और पारी के पहले ही ओवर में विकेट चटकाए। उन्होंने मैच में 24 रन देकर 2 विकेट लिए। मैच के बाद बुमराह ने कहा, बहुत अच्छा लगा, मैंने एनसीए में इतने सारे सत्र किए, ऐसा नहीं लगा कि मैं बहुत कुछ चूक गया हूं या कुछ नया कर रहा हूं। इसका श्रेय कर्मचारियों को जाता है। वापसी

पर वास्तव में घबराया नहीं हूँ लेकिन बहुत खुश हूँ। बुमराह के अलावा, नवोदित प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी 2-2 विकेट लिए, जिससे भारत ने आयरलैंड को 139/7 पर रोक दिया। बदले में, यशस्वी जयसवाल और रुतुराज गायकवाड़ के साथ ठोस शुरुआत हुई। लेकिन आयरलैंड को क्रेग यंग ने लगातार गेंदों पर जायसवाल और तिलक वर्मा को आउट कर मैच में वापसी दिला दी, लेकिन तभी बारिश शुरु हो गई, भारत उस समय डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 2 रन आगे था, जिसके कारण बारिश के न रूकने पर भारतीय टीम को 2 रन से विजयी घोषित कर दिया गया। मैच के बारे में बुमराह ने कहा, शुरुआत में कुछ स्विंग थी इसलिए हम इसका उपयोग करना चाहते थे। सौभाग्य से, हमने टॉस जीता और सब कुछ अच्छा रहा। मौसम के कारण कुछ मदद मिली, इसलिए बहुत खुश हूं। हर खेल में , आप और अधिक चाहेंगे।

पाकिस्तान दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका ने की महिला टीम की घोषणा

केप टाउन। दक्षिण अफ्रीका ने एक सितंबर से शुरू होने वाले पाकिस्तान दौरे के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। टीम पाकिस्तान के खिलाफ 3 टी20 और 3 एक दिवसीय मैच खेलेगी। अंतरिम कप्तान सुने लुस अब टीम का नेतृत्व नहीं करेंगी हालांकि दौरा शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कप्तान का ऐलान किया जाएगा। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका शानदार प्रदर्शन के बावजूद ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। वनडे आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 चक्र का हिस्सा होंगे। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टीम में टी20 विश्व कप अभियान का हिस्सा रहे 15 खिलाड़ियों में से 12 को बरकरार रखा गया है। हालांकि टीम को क्लो ट्रायोन की कमी अखरेगी जिन्होंने छुट्टी का अनुरोध किया है। एनेरी डकर्सन भी अपनी उंगली की चोट से उबरने के कारण श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगी। सीरीज के सभी मैच कराची में खेले जाएंगे। टी20 मैच एक से पांच सितंबर के बीच खेले जाएंगे। इसके बाद आठ से 14 सितंबर के बीच वनडे सीरीज होगी।

दक्षिण अफ्रीका टीम: एनेके बॉश, ताज़मिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, मिके डी रिडर, लारा गुडॉल, सिनालो जाफ्ता, मारिजैन कप्प, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, नोंडुमिसो शंगासे, डेल्मी टकर, लौरा वोल्वार्ड्ट।

अंडर-20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं अंतिम पंघाल

नई दिल्ली। अंतिम पंघाल ने लगातार अंडर-20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रच दिया, उन्होंने अपने 53 किग्रा वर्ग में यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी मारिया येफ्रेमोवा को 4-0 से हराकर खिताब का बचाव किया। इस बीच, भारतीय पहलवान सविता 62 किग्रा वर्ग में और प्रिया मलिक 76 किग्रा में अंडर-20 विश्व चैंपियन बनीं। जबकि, अंतिम कुंडू ने 65 किग्रा में रजत और रीना ने 57 किग्रा, आरजू ने 68 किग्रा, हर्षिता ने 72 किग्रा में कांस्य पदक जीता।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने सोशल साइट्स एक्स पर लिखा, 'इतिहास को फिर से लिखने और दूसरी बार अंडर-20 विश्व चैंपियन (53 किग्रा भार) बनने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला पहलवान बनने और खिताब बरकरार रखने पर अंतिम

को हार्दिक बधाई। हमारे टॉप्स स्कीम पहलवान ने अदम्य संकल्प और संकल्प के साथ अपने विश्व खिताब का बचाव किया। वह पूरे टूर्नामेंट में मैट पर अपने अविश्वसनीय कौशल और आत्मविश्वास से चमकती रहीं। पूरा देश उनकी उपलब्धियों पर खुशी मना रहा है। शानदार प्रयास अंतिम, एशियन गेम्स में आपके प्रदर्शन की प्रतीक्षा है। खेल मंत्री ने स्वर्ण जीतने पर सविता को भी बधाई देते हुए लिखा, ÷अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली सविता के लिए भारी तालियाँ, जिन्होंने अपने असाधारण कौशल और अद्वितीय कौशल से मैट पर धूम मचा दी है। देखने लायक एक कुश्ती सनसनी! हमारे असाधारण खेलो इंडिया एथलीट की अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियन (62 किग्रा वर्ग) बनने तक की यात्रा श्रेष्ठता के माध्यम से हासिल की गई जीत से चिह्नित है। महज 17 साल की उम्र में, अब उनके पास अंडर-17 और अंडर-20 श्रेणियों के लिए प्रतिष्ठित विश्व खिताब हैं, जो एक त्रुटिहीन अजेय अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड का दावा करते हैं। उनके बेजोड़ कौशल, फोकस और दृढ़ संकल्प को बधाई। उनकी जीत हमारी महिला पहलवानों की बढ़ती ताकत को बढ़ाती है, क्योंकि वह विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली केवल तीसरी भारतीय जूनियर महिला बन गई हैं!

सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप एक अच्छी परीक्षा होगी, लड़के यहीं से आगे बढ़ सकते हैं : इशफाक अहमद

नई दिल्ली। भारत की अंडर-16 पुरुष राष्ट्रीय टीम आगामी सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप में एक चुनौतीपूर्ण समूह के लिए तैयारी कर रही है, मुख्य कोच इशफाक अहमद को लगता है कि यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनके लड़कों के लिए एक अच्छी शुरुआत होगी। भारत को ग्रुप ए में नेपाल और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। संभवतः टूर्नामेंट में शीर्ष तीन टीमें ग्रुप ए में एक-दूसरे का सामना करेंगी, जिनमें से केवल दो ही सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत 1 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा, उसके बाद 5 सितंबर को नेपाल के खिलाफ मैच होगा। सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 7 और 10 सितंबर को होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) की आधिकारिक वेबसाइट से बातचीत में अहमद ने कहा, ÷हम एक कठिन समूह में

हैं, लेकिन यह ठीक है। सैफ (एसएएफएफ) में, आपसे अपने समूह की अन्य सभी टीमों को हराने की उम्मीद की जाती है। आपको बस वहां जाना है, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। इसमें कोई शक नहीं, नेपाल और बांग्लादेश अच्छी टीमें हैं, लेकिन हमारे पास गुणवत्तापूर्ण खिलाड़ी भी हैं और मुझे यकीन है कि हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत की अंडर-16 टीम पिछले महीने से श्रीनगर में प्रशिक्षण ले रही है और 40 वर्षीय कोच टीम की प्रगति से संतुष्ट हैं।

उन्होंने कहा, हमें स्थानीय प्रशासन, जेएंडके स्पोर्ट्स काउंसिल और जेएंडके फुटबॉल एसोसिएशन से भी बहुत मदद मिली है, और मैं उनके समर्थन के लिए उन्हें अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। इस शिविर के दौरान लड़कों ने वास्तव में प्रगति की है, और मैं कुछ अच्छे प्रदर्शन की आशा कर रहा हूँ। उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसे लड़कों का एक समूह है जो तकनीकी रूप से बहुत अच्छे हैं और फुटबॉल की अच्छी समझ रखते हैं, जो हमेशा एक अच्छा संकेत है। ये लड़के यहीं से आगे बढ़ सकते हैं।

श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, माहिका गौर, बेस हीथ करेंगी पदार्पण

लंदन। बाएं हाथ की अनकैप्ड तेज गेंदबाज माहिका गौर और विकेटकीपर-बल्लेबाज बेस हीथ को इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की टीम में पहली बार शामिल किया गया है।

यूनाइटेड किंगडम के रीडिंग में जन्मी माहिका इंग्लैंड में स्थानीय खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट खेलती हैं। उन्होंने सीनियर टीम के लिए 19 टी20 मैच खेलने के अलावा, इस साल के आईसीसी अंडर19 महिला टी20 विश्व कप में यूएई का प्रतिनिधित्व किया है। वह चार्लोट एडवर्ड्स कप फाइनल डे के लिए अपनी घरेलू टीम थंडर की दौड़ का हिस्सा थीं और इस साल की शुरुआत में राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी मैचों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

माहिका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंग्लैंड ए के लिए खेलने के अलावा मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए द हंड्रेड के 2023 संस्करण में भी पदार्पण किया। दूसरी ओर, बेस 2022 की नॉर्दर्न डायमंड्स की राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी विजेता टीम का हिस्सा थीं और पिछले 14 महीनों से इंग्लैंड ए सेट-अप में हैं। उन्होंने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के अब तक के सभी 2023 हंड्रेड मैचों में हिस्सा लिया है।

मुख्य कोच जॉन लुईस ने एक बयान में कहा, माहिका (गौर) एक बहुत ही रोमांचक प्रतिभा है। छह फुट से अधिक लंबी बाएं हाथ की स्विंग गेंदबाज महिला क्रिकेट में अद्वितीय है। माहिका ने इस गर्मी में दिखाया है कि वह नई गेंद से खतरा हैं और हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसा प्रदर्शन करती हैं।उन्होंने आगे कहा बेस (हीथ) एक ऑल-एक्शन क्रिकेटर हैं। उन्होंने गर्मियों की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ए टीम गेम्स में प्रभावित किया था और वह एमी जोन्स को दस्ताने के साथ कवर भी प्रदान करती हैं।

ऑलराउंडर फ्रेया केम्प अपनी पीठ में तनाव फ्रैक्चर से उबरने के बाद 20 ओवर प्रारूप टीम में लौट आई हैं, जबकि सीमर लॉरेन फाइलर को इस ग्रीष्मकालीन एशेज में टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए डेब्यू करने के बाद अपना पहला टी20 कॉल-अप मिला है। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच श्रृंखला 31 अगस्त से 6 सितंबर तक द होव, चेम्सफोर्ड और डर्बी में तीन टी20 मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 9, 12 और 14 सितंबर को चेस्टर-ले-स्ट्रीट, नॉर्थम्प्टन और लीसेस्टर में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

आरबीआई ने लोन अकाउंट्स पर जुर्माना लगाने के नियम बदले, अब लगेगा सिर्फ 'उचित' दंडात्मक शुल्क

मुंबई/नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लोन अकाउंट्स पर जुर्माना लगाने के नियमों में बदलाव किया है। आरबीआई ने इसको लेकर संशोधित नियम जारी किए हैं। रिजर्व बैंक के नए नियमों के तहत कर्ज भुगतान में चूक के मामले में अब बैंक संबंधित ग्राहक पर सिर्फ 'उचित' दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। आरबीआई ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के दंडात्मक ब्याज को लेकर अधिसूचना जारी की है। रिजर्व बैंक ने 'उचित ऋण व्यवहार-कर्ज खातों पर दंडात्मक शुल्क के बारे में जारी अधिसूचना के मुताबिक बैंक और अन्य ऋण संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी।

अधिसूचना के मुताबिक कर्ज लेने वाले व्यक्ति द्वारा ऋण अनुबंध की शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर उससे दंडात्मक शुल्क लिया जा सकता है। इसे दंडात्मक ब्याज के रूप में नहीं लगाया जाएगा। रिजर्व बैंक ने दंडात्मक ब्याज को अपना राजस्व बढ़ाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। आरबीआई की अधिसूचना के मुताबिक दंडात्मक शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा। ऐसे शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना नहीं की जाएगी। अभी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) दंडात्मक ब्याज को बैंक अग्रिम पर वसूली जाने वाली ब्याज दरों में जोड़ देते हैं। हालांकि, रिजर्व बैंक के ये निर्देश क्रेडिट कार्ड, बाह्य वाणिज्यिक कर्ज, व्यापार क्रेडिट आदि पर लागू नहीं होंगे।

अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में भारत के पहले 3डी-मुद्रित डाकघर भवन का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में भारत के पहले 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित डाकघर का उद्घाटन किया। 1100 वर्ग फुट के 3डी-प्रिंट डाकघर भवन का उद्घाटन बेंगलुरु के उल्सूर बाजार के पास कैम्ब्रिज लेआउट में किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। इसी के तहत 3डी-प्रिंटेड इमारत का निर्माण एक महत्वपूर्ण पहल है।अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा कि यह सब इसलिए संभव है, क्योंकि देश के पास एक ऐसा नेतृत्व है जो निर्णायक है और उसे हमारे लोगों की क्षमताओं पर भरोसा है।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह शहर हमेशा भारत की एक नई तस्वीर पेश करता है। वैष्णव ने कहा कि इस 3डी-प्रिंट डाकघर भवन की नई तस्वीर ही आज भारत की भावना है, जिसके साथ देश आज प्रगति कर रहा है।

रुपया फिर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा, बढ़ेगी महंगाई और विदेश में पढ़ाई का खर्च

नई दिल्ली : डॉलर की तुलना में रुपये का लुढ़कना जारी है। यह लगातार दूसरे दिन एक पैसे की गिरावट के साथ रिकॉर्ड निचले स्तर 83.10 पर बंद हुआ। इस गिरावट से जहां महंगाई बढ़ेगी, वहीं विदेशों में पढ़ाई भी महंगी होगी। विश्लेषकों के मुताबिक, ग्राहकों को कुछ उत्पादों पर ज्यादा खर्च करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, क्योंकि रुपये की गिरावट से आयात महंगा हो जाएगा। आयातित वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती लागत से रुपये में गिरावट से महंगाई पर दबाव पड़ता है। आयातित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से कंपनियों को ग्राहकों पर बढ़ोतरी का बोझ डालने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यह एक साल में पहली बार हुआ है जब इतने लंबे समय तक डॉलर तेजी में रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे हफ्ते गिरा है। रुपये की कमजोरी रोकने के लिए आरबीआई डॉलर को बाजार में छोड़ सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार में और गिरावट आने की आशंका है। सोना 50 रुपये टूटकर 59,250 रुपये 10 ग्राम पर जबकि चांदी 700 रुपये महंगी होकर 73,500 रुपये प्रति किलो बंद हुई। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशक शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के लिए नियम जारी किया है। संबंधित संस्थाओं को 21 दिनों के भीतर शिकायतों का समाधान करना होगा। नियम के अनुसार, अब मर्चेंट बैंकर, डिबेंचर ट्रस्टी, किसी इश्यू के रजिस्ट्रार, शेयर ट्रांसफर एजेंट और आपके ग्राहक को जानने वाली (केवाईसी) पंजीकरण एजेंसी 21 दिनों के भीतर निवेशकों की शिकायतों को निपटाएंगी।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंट

क्रूड 0.83 डॉलर यानी 0.81 फीसदी की बढ़त के साथ 84.80 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.86 डॉलर यानी 1.07 फीसदी की उछाल के साथ 81.25 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार स्थिर है।

जी-20 वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्रियों की संयुक्त बैठक में शामिल होंगी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुजरात की राजधानी गांधीनगर में जी-20 देशों के वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्रियों की संयुक्त बैठक में शामिल होंगी। सीतारमण उसके बाद आईएफएससी गिफ्ट सिटी की कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंगी।

वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि सीतारमण महात्मा मंदिर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में जी-20 देशों के वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्रियों की संयुक्त बैठक में शामिल होंगी।

मंत्रालय के मुताबिक वित्त और स्वास्थ्य की मंत्रिस्तरीय संयुक्त बैठक में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया भी भाग लेंगे। मंत्रालय

के मुताबिक सीतारमण गांधीनगर में आईएफएससी गिफ्ट सिटी का भी दौरा करेंगी और उसकी कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंगी। इसके बाद वह केवड़िया में वित्त मंत्रालय के तीन दिवसीय चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगी। यह चिंतन शिविर 20 से 22 अगस्त तक आयोजित किया गया है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.161 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। लगातार तीन हफ्तों तक गिरावट के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अगस्त को समाप्त हफ्ते में 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.161 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 601.45 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 11 अगस्त को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 70.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 602.161 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.42 अरब डॉलर की गिरावट

के साथ 601.45 अरब डॉलर रहा था। इस अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 99.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 534.39 अरब डॉलर हो गईं।

आरबीआई के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 34 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 44.34 अरब डॉलर रह गया।

आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.32 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 20 लाख डॉलर घटकर 5.09 अरब डॉलर रह गया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

15 लाख रुपये घूस मांगने के आरोप में सीजीएसटी अधिकारी गिरफ्तार, सीबीआई ने मुंबई में की कार्रवाई

नई दिल्ली । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चीन की एक कंपनी से जुड़े कर मुद्दों को निपटाने के लिए कथित तौर पर 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में सीजीएसटी के एक अधिकारी को मुंबई में गिरफ्तार किया है। एजेंसी के अनुसार, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (सीजीएसटी) अधीक्षक हेमंत कुमार ने चीन के ग्वांगझू स्थित वेलफुल इंटर-ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित मुद्दों को निपटाने के लिए एक कर सलाहकार से 30 लाख रुपये की मांग की थी। सीबीआई ने बताया कि कंपनी ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया था और बिचौलिये से इस मुद्दे की जानकारी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को देने को कहा था जिसने आरोपों का सत्यापन किया। इस दौरान कर सलाहकार को कुमार के साथ बातचीत करने को कहा गया। उन्होंने बताया कि मुंबई के वडाला रेलवे स्टेशन पर एक बैठक हुई जहां कुमार ने कथित तौर पर मांग को घटाकर 15 लाख रुपये कर दिया। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 42 वर्षीय एक व्यक्ति के निजी ब्योरे का दुरुपयोग कर दो कंपनियां बनाने और उनके जरिए करीब 42 करोड़ रुपये का लेन-देन करने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि यह अपराध तब सामने आया जब एक निजी कंपनी में स्टोरकीपर के तौर पर काम करने वाले उल्हासनगर निवासी को आयकर विभाग का नोटिस मिला जिसमें उसे 46 लाख रुपये से अधिक का कर चुकाने को कहा गया।

मूडीज ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को बीएए3 पर रखा बरकरार

नई दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने एक बार फिर भारत की अर्थव्यवस्था में भरोसा जताया है। मूडीज ने जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में भारत की सॉवरेन रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीएए3' पर बरकरार रखा है।

मूडीज ने जारी एक रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था की साख को बीएए3 रेटिंग पर बरकरार रखते हुए कहा कि उच्च वृद्धि दर से आय स्तर में क्रमिक वृद्धि होगी, जो आर्थिक स्थिति को मजबूती देगी। एजेंसी का अनुमान है कि घरेलू मांग के दम पर भारत की आर्थिक वृद्धि दर कम-से-कम अगले दो साल तक जी-20 देशों की अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले ऊंचे स्तर पर बनी रहेगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारत सरकार की दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा को लेकर बीएए3 रेटिंग की पुष्टि की है। मूडीज ने भारत की अन्य अल्पकालिक



स्थानीय-मुद्रा रेटिंग को पी-3 पर बरकरार रखा है। हालांकि मूडीज का मानना है कि पिछले सात से 10 साल में आर्थिक वृद्धि दर क्षमता के अनुकूल नहीं रही है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार इसके तेजी से बढ़ने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि बीएए3 को निवेश स्तर की सबसे निचली रेटिंग माना जाता है। प्रमुख तीनों वैश्विक रेटिंग एजेंसियों फिच, एसएंडपी और मूडीज ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत को सबसे कम निवेश-योग्य रेटिंग दी हुई है। निवेशकों के लिए किसी देश की रेटिंग उसकी साख को बताती है और यह कर्ज लेने की लागत को भी प्रभावित करती है।

प्रधानमंत्री जन-धन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार

नई दिल्ली। देश के गरीबों को बैंकिंग सेवा से जोड़ने के लिए लॉन्च प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) योजना के खाताधारकों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच गई है। इस योजना के तहत 56 फीसदी बैंक खाते महिलाओं के खोले गए हैं, तो 67 फीसदी बैंक खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इन खातों में जमा कुल राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये है।

वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के तहत पीएमजेडीवाई योजना को 28 अगस्त 2014 को शुरू किया गया था। इस योजना के करीब 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। बैंकों द्वारा प्रस्तुत नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक 9 अगस्त तक जन धन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है। इन खातों में 56 फीसदी बैंक खाते महिलाओं के हैं। वहीं, 67 फीसदी बैंक खाते

ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री जन-धन योजना खातों में जमा कुल राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये है। इन खाताधारकों में से करीब 34 करोड़ अकाउंट्स के लिए मुफ्त में रूपे कार्ड जारी किया गया है। इसके अलावा हर जन-धन खाते में 4,076 रुपये का औसत बैलेंस है। वहीं, इन 50 करोड़ पीएमजेडीवाई खाताधारकों में से 5.5 करोड़ खाताधारक को डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं का लाभ लाभ मिल रहा है।

जेएफएसएल के शेयर 21 अगस्त को शेयर बाजार में होंगे सूचीबद्ध

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) से अलग हुई वित्तीय सेवा इकाई जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) के शेयर 21 अगस्त को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होंगे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएएसई) ने कहा कि जेएफएसएल शेयर बाजारों पर 21 अगस्त को सूचीबद्ध होगी। स्टॉक एक्सचेंज पर घंटी बजाकर सुबह 10 बजे औपचारिक रूप से इसके शेयर में ट्रेडिंग की शुरुआत होगी। जेएफएसएल पिछले महीने आरआईएल से अलग हुई थी। इसके शेयर का भाव 261.85 रुपये तय हुआ था। फिलहाल यह कंपनी 'डमी' के तौर पर सूचीबद्ध है, लेकिन इसमें कोई कारोबार नहीं ठीक एक दिन पहले निर्धारित की गई है। गौरतलब है कि 19 जुलाई

हो रहा है।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की लिस्टिंग एफटीएसई रसेल द्वारा अपने सूचकांकों से स्टॉक को छोड़ने की योजना से को कारोबार के अंत में जिन-जिन शेयरधारकों के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर्स थे उन्हें एक-एक के रेश्यो में जेएफएसएल के शेयर मिले हैं।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में 9 क्रिप्टो करेंसीज बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोहराम मचा हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 1 मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही है, जबकि शेष 9 क्रिप्टो करेंसीज बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। इस गिरावट के कारण बिटकॉइन भी आज 27 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे फिसल गया। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत 7.49 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 26,421.48 डॉलर

यानी 21.96 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आभासी मुद्रा एथेरियम की कीमत 5.98 प्रतिशत टूट कर 1,683.44 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में बीएनबी 5.47 प्रतिशत, एक्सआरपी 13.86 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, कार्डानो 4.58 प्रतिशत, डोजेकॉइन 7.40 प्रतिशत, सोलाना 5.04 प्रतिशत और ट्रॉन 2.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान टेथर अकेली ऐसी क्रिप्टो करेंसी रही, जो 0.07 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रही थी। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 6.32 प्रतिशत की कमजोरी आई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.06 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 88.08 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। मार्केट में सुस्ती के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में जोरदार तेजी आई है। इस अवधि में करीब 7,058 करोड़ डॉलर यानी करीब 5.86 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन देन का ये स्तर 98.98 प्रतिशत अधिक रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी 0.57 प्रतिशत घट कर 48.46 प्रतिशत हो गई है।

राज्य मंत्री वीके सिंह बोले- 'वैश्विक निवेश गंतव्य बन रहा भारत, दुनिया का बढ़ रहा भरोसा'

नई दिल्ली। सड़क परिवहन, राजमार्ग और नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि केंद्र ने विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे कई देशों का भरोसा हासिल हुआ है, जो भारत में निवेश के लिए आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जिस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, उसने देश को एक आदर्श वैश्विक निवेश गंतव्य बना दिया है। उन्होंने युवाओं से इस अवसर का इस्तेमाल करने और जीवन में आगे आने की अपील की। वेल्होर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के 38वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'भारत में 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 162 देशों ने 62 विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया है। यह भारत पर इन देशों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है।

मंत्री ने स्टार्टअप के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने में केंद्र के प्रयासों को याद करते हुए कहा, 'आपको आने वाले अवसरों को

हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।' सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है, यह किताबों में लिखा गया है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितने प्रतिबद्ध, मेहनती और जानकार हैं। उन्होंने स्नातकों को सलाह दी कि वे सभी समस्याओं के लिए एक समाधान पर न रहें, बल्कि व्यावहारिक तरीके से समाधान की तलाश करें। मंत्री ने कहा कि शिक्षा वह है जो आप संस्थान के माहौल में इकट्ठा करते हैं। यह आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगा देता है। शिक्षा वह है जो आपने सीखी है और आप इसे कैसे लागू करेंगे, आप खुले दिमाग को कैसे विकसित करते है और चीजों का विश्लेषण करते हैं। उन्होंने छात्रों से हार न मानने का आग्रह किया और एडगर गेस् विवा की कुछ पंक्तियां कहीं- जब चीजें गलत हो जाती हैं, जैसे कि कभी-कभी होता है, जब आप जिस सड़क पर चल रहे हैं, वह पूरी तरह से कठिन लगती है, जब पैसा कम होता है और कर्ज ज्यादा और आप मुस्कराना चाहते हैं, लेकिन आपको आहें भरनी पड़ती हैं, जब स्वास्थ्य आप पर थोड़ा दबाव डाल रहा हो, आराम करना है तो आराम करें, लेकिन रुकें नहीं। इससे पहले वीआईटी के संस्थापक चांसलर जी विश्वनाथन ने सिंह से आग्रह किया कि वह उच्च शिक्षा पर अधिक खर्च करने और विकसित देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए केंद्र और राज्यों को प्रभावित करने के लिए अपने पद का उपयोग करें।

इंगित कथा गोष्ठी हुई हृदयस्पर्शी कहानियों की प्रस्तुति

महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे ग्वालियर। मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की मासिक ÷इंगित कथा गोष्ठी÷ गत दिवस साहित्य सभा भवन दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर में आयोजित की गई 7 कार्यक्रम में बहुत ही सुंदर सदस्यों पर प्रेरक एवं मरमेश्वर से कहानियों का वाचन किया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. सुरेश सम्राट, मुख्य अतिथि डॉ.रमेश त्रिपाठी ÷मछंड÷ , विशिष्ट अतिथि पवन भटनागर तथा साहित्य सभा के प्रतिनिधि के रूप में सभा के प्रचार प्रसार मंत्री रामचरण चिराड़ ÷रुचिर ÷ मंचासीन रहे । कार्यक्रम संयोजक दिलीप मिश्रा रहे।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया7सरस्वती वंदना वरिष्ठ साहित्यकार राज किशोर वाजपेयी÷ अभय÷ ने प्रस्तुत की। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉक्टर कमला शंकर मिश्रा ने कथा वाचन हेतु को कथाकारों को आमंत्रित किया। जिसमें रमेश निर्झर ने÷ हिन्दी चीनी भाई-भाई ?÷ पर पश्चाताप भरी एवं द्वंदात्मक कहानी प्रस्तुत की। तत्पश्चात् कमला शंकर मिश्र ने ÷कटहल÷ नामक कहानी, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा कटहल की चोरी पर उसे आम जनता द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। तत्पश्चात् दिलीप मिश्रा ने ÷सुराही ÷नामक कहानी प्रस्तुत करते हुए एक सुराही जो कि ÷बाबूलाल लक्ष्मीकांत÷ नामक पात्र की बहू द्वारा फोड़ दी जाती है ।और दोश अपने मित्र पर लगाया जाता है। बहू द्वारा अपनी गलती स्वीकार करने एवं लक्ष्मीकांत द्वारा अपने मित्र पर मिथ्या दोषारोपण से पश्चाताप करते हुए कहानी को हृदयस्पर्शी बना दिया।अगले क्रम में राजकिशोर वाजपेई ने अभय ने ÷ हैसियत का सवाल ÷ नामक कहानी प्रस्तुत की जिसमें डॉ अनामिका द्वारा एक दुर्घटना में घायल मरीज आई ए एस को स्वयं रक्तदान करने व जान बचाने की प्रेरक एवं पूर्व में उसी आइ ए एस के पिता द्वारा डॉक्टर अनामिका के पिताजी के साथ किए जाने वाले दुर्व्यवहार जिसमें आई ए एस अफसर के साथ अपनी बेटी डॉ.अनामिका की शादी के प्रस्ताव पर आई ए एस के पिता का कठोर व्यवहार , हैसियत की बात कर दुर्व्यवहार करने पर पश्चाताप के भाव प्रकट किए गए। कहानी रोचक , प्रेरक एवं हृदय स्पर्शी रही। मुख्य अतिथि डॉ रमेश चंद्र त्रिपाठी ÷मछंड ÷ने ÷समर्पण÷ नामक कहानी प्रस्तुत की, तत्पश्चात् अध्यक्षता कर रहे डॉ. सुरेश सम्राट ने ÷अपने अपने रास्ते÷ नामक कहानी में पात्र ब्रह्मानंद, विपिन एवं महिला पात्र डॉक्टर अनामिका के बढ़ते हुए प्रभाव पर एक रोचक कहानी प्रस्तुत की। अन्य कहानियां भी सराय नहीं रहीं। विशिष्ट अतिथि पवन भटनागर ने भी हर कहानी को सराहनीय एवं रोचक बताया। इस अवसर पर साहित्य सभा के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रामचरण ÷रुचिर÷ प्रचार- प्रसार मंत्री, मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ने कार्यक्रम में प्रस्तुत कहानियों पर अपनी अभिव्यक्ति देते हुए अनेक कहानियों में विषय संवेदनशील व पश्चाताप के भाव को प्रमुखता से उल्लेखित किया। उन्होंने कहा, साहित्य सभा में प्रस्तुत कहानियों के कला पक्ष एवं भाव पक्ष सभी उत्कृष्ट व सराहनीय रहे। आज हमें ऐसी ही कहानियों की आवश्यकता है।कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन डॉ.सुधीर चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर पी डी सोनी, संपादक एवं पत्रकार, राकेश पांडे ,दीपक कौल सहित अनेक गणमान्य जन श्रोता के रूप में उपस्थित रहे।

देवभूमि है भारत: स्वामी मुदितवदनानंद जी स्नेह यात्रा के पांचवें दिन उमडी ग्राम वासियों की भीड़

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे ग्वालियर। सर्व खलविंद ब्रह्म के मूल मंत्र के साथ स्नेह यात्रा संगीत सम्राट तानसेन की नगरी बेहट में पहुंची जहां पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, पतंजलि योग समिति, जिला योग समिति तथा जिला योग प्रभारी, नवांकुर संस्था के नेतृत्व में सरपंच श्री अजमेर सिंह गुर्जर तथा ग्राम वासियों और बच्चों ने संत श्री स्वामी मुदितवदनानंद का स्वागत किया गया। उनके द्वारा संबोधन में बताया गया कि हम सब एक हैं मिलकर खुशी से रहना चाहिए तथा हम सभी को समाज में समरसता लाने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित करना चाहिए। हम सब ऋषि संतान हैं सभी को भाईचारा बनाए रखना चाहिए और यह भारत भूमि देवो की भूमि है कण-कण में देवता हैं। हमारे एवं सभी जीव के भीतर भी दिव्य ज्योति है जो ईश्वर है। ग्वालियर जिले में चल रही स्नेह यात्रा आज पांचवे दिन बेहट के बाद गुंजना, घुसगवां, रनगवां,जिगनिया,चक गुंधारा, मटकापूरा होते हुए ग्वालियर वापस पहुंची यात्रा में समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच ग्रामवासी जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर, पतंजलि योग समिति के श्री जयदयाल शर्मा, जिला योग समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा हार्टफुलनेस के रुस्तम सिंह गुर्जर, संजय गुप्ता, जन शिक्षक नंदकिशोर गुर्जर, योग शिक्षक ऋषिकेश वशिष्ठ तथा नवांकुर संस्था के श्री हरिकंठ सिंह बघेल, उल्फत सिंह, लाखन सिंह गुर्जर, नंदकिशोर गुप्ता आदि उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन यात्रा संयोजक श्री हरिओम गौतम ने किया।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में अलंकरण समारोह (इन्वेस्टीचर सेरेमनी) का आयोजन, मुख्य अतिथि थाना प्रभारी के हाथों बच्चे हुए पुरस्कृत

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग - डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में शनिवार 19 अगस्त को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, कुछ दिन पूर्व छात्र परिषद् के गठन हेतू चुनाव किया गया था। इस दौरान छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ अपने निर्धारित कर्तव्यों को पूर्ण रूप से सत्य, निष्ठा के साथ निभाएंगे की दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। नव निर्वाचित छात्र परिषद् के निर्वाचित सदस्यों को मुख्य अतिथि के द्वारा सेशे (अलंकरण पट्टी) पहनाकर सम्मानित किया गया द्य हेड बॉय तेजवर्धन कश्यप, वाइस हेड बॉय देवाशीष पारी, हेड गर्ल महक अग्रवाल, वाइस हेड गर्ल सिद्धि अग्रवाल, कल्चरल इंचार्ज हेमेश्वरी शांडिल्य, डिसिप्लिन इंचार्ज रौनक सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज योगेश राजपुरोहित, जूनियर हेड बॉय चिराग राजपुरोहित, जूनियर हेड गर्ल अरिज फातिमा चयनित हुए इसके साथ साथ दयानन्द हाउस कैप्टन साक्षी कश्यप, वाइस कैप्टन राघव अग्रवाल, हाउस प्रीफेक्ट संजीव अग्रवाल,अरबिंदो हाउस कैप्टन क्रिस अग्रवाल, वाइस कैप्टन कनीज फातिमा, हाउस प्रीफेक्ट रीया महांती,विवेकानंद हाऊस कैप्टन बंदना मेहेर, वाइस कैप्टन दीपा कश्यप, हाउस प्रीफेक्ट आराध्या साहू,श्रद्धानंद हाऊस कैप्टन अरविंद राजपुरोहित, वाइस कैप्टन दिशा फरिकार, हाउस प्रीफेक्ट निहाल साहू को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि रहे पुलिस थाना देवभोग के टीआई गौतम गावड़े -कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस थाना देवभोग के टीआई श्रीमान गौतम गावड़े जी थे, बच्चों के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें कक्षा चौथी के छात्र छात्राओ के नृत्य ने सबका मन मोह लिया । मुख्य अतिथि जी ने अपने उद्बोधन में बच्चों से कहा कि हमें पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों, खेलकूद मे भी भाग लेना चाहिए जिससे हमारा मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी हो सके, उन्होंने गत वर्ष की सीबीएसई 12 वी बोर्ड की जिला टॉपर सुहानी अग्रवाल को भी सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी। उन्होंने बच्चों को अधिक मेहनत कर अपने विद्यालय, माता पिता, अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

सुहानी अग्रवाल को किया सम्मानित-पिछला सत्र 2022-23 में सीबीएसई 12वी बोर्ड में पुरे गरियाबंद जिले की टॉपर सुहानी अग्रवाल को उनके माता पिता के साथ सम्मानित किया गया। सुहानी अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के अनुकूल वातावरण, शिक्षको का मार्गदर्शन, माता पिता का पूर्ण सहयोग तथा कठोर परिश्रम के कारण मुझे ये सफ़लता मिली जिसके लिए उन्होने विद्यालय तथा सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए।विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने मुख्य अतिथि जी, सुहानी अग्रवाल , उन्हें माता पिता अन्य पालक गण का विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किए तथा समस्त शिक्षकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना किए, उन्होंने सुहानी अग्रवाल के माध्यम से सभी बच्चों को प्रेरित किए और कहा कि सफ़लता के पीछे पिछले कई वर्षो का मेहनत, नियमित विद्यालय आना, हर एक परीक्षाओं में उपस्थित होना तथा एक उद्देश्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने से सफ़लता मिलती है। उन्होंने नव निर्वाचित छात्र परिषद् के समस्त छात्र छात्राओं से कहा कि जब तक हम स्वयं अनुशासित नहीं होंगे तब तक हम दूसरो से अपेक्षा नही कर सकते इसलिए पहले अनुशाशित होना है और अपने दायित्व को पूर्ण ईमानदारी, निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही और सबको शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गोपाल ताम्रकर ने किया।

मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने तथा गलत नाम विलोपित करने का समय 15 दिन और बढ़ाया

0 सांसद सोनी ने पत्रकारों को बताया:बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा मतदाता सूची में नए नाम जो़ने तथा गलत नाम को विलोपित करने के कार्य पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है

0 बिना 6/7 नं. फार्म के ही नाम जोड़ने व विलोपित किए जाने पर सांसद सोनी ने सवाल किया: क्या यह जिला निर्वाचन अधिकारी का 'फार्म भ्रष्टाचार' हैड़

0 भाजपा के सभी पदाधिकारी 21 अगस्त से 31 अगस्त, 2023 तक नाम जुड़वाने तथा गलत नाम विलोपित कराने के लिए जनजागरण अभियान भी चलाएंगे

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने तथा गलत नाम को विलोपित करने के कार्य पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसलिए नए नाम जोड़ने तथा गलत नाम विलोपित करने का समय 31 अगस्त के बाद 15 दिन और बड़ाया जाए। श्री सोनी ने बताया कि भाजपा द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगड़ का ध्यान इस विषय पर आकर्षित करके अनुरोध किया गया है। श्री सोनी ने आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए आदेशों का पालन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के द्वारा नहीं कराया जा रहा है।

भाजपा सांसद श्री सोनी ने रविवार को राजधानी के एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नाम जोड़ने के लिए तय किए गए बूथ लेवल ऑफिसर कई स्थानों पर हड़ताल पर हैं तथा कई कर्मचारी यूनियन अभी सरकार के विरुद्ध हड़ताल पर बैठे हैं । बूथ लेवल ऑफिसर अपने बूथ पर नहीं बैठ रहे हैं, इसकी शिकायत भाजपा द्वारा छत्तीसगड़ के निर्वाचन कार्यालय से की गई थी। इस पर निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी कलेक्टर को आदेश देकर बूथ ऑफिसर को निर्धारित स्थान पर जाने का निर्देश दिया गया, फिर भी बूथ लेवल ऑफिसर अभी भी क्षेत्र में भ्रमण नहीं कर रहे हैं और अपने निर्धारित स्थान पर बैठ नहीं रहे हैं। श्री सोनी ने हैरानी जताई कि चुनाव जैसी अनिवार्य सेवा के प्रति उदासीनता का परिचय दिया जाना अवांछनीय है लेकिन निर्वाचन आयोग तथा कलेक्टर द्वारा अभी तक किसी भी बूथ लेवल ऑफिसर पर किसी भी प्रकार की कोई दण्डात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

भाजपा सांसद श्री सोनी ने 'फार्म भ्रष्टाचार' की बात कहते हुए बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर को हर बूथ पर नाम जोड़ने के लिए फॉर्म नंबर 6 तथा नाम हटाने के लिए फॉर्म नंबर 7 लेकर बैठना है और नागरिकों को यह दोनों फार्म निःशुल्क देना है किंतु बूथ लेवल ऑफिसर कुछ ही स्थानों पर बैठ रहे हैं जहां पर उनके पास कोई फार्म नहीं है और वह बिना फार्म के ही नाम जोड़ अथवा विलोपित करने का कार्य कर रहे हैं!

हजारों के तादात में लोकेंद्र कोमर्रा ने थामा कांग्रेस का हाथ....

कांग्रेस का हाथ थाम कर अपनी दावेदारी बिंद्रानमागढ़ में पेश की....

देवभोग प्रमेश अवस्थी न्यूज़... गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड के क्षेत्र के ग्राम मुंगझर निवासी लोकेंद्र कोमर्रा ने आज हजारों के तादाद में कांग्रेस का दामन थामा। उन्होंने पूर्व में प्राचार्य के पद पदस्थ थे। और अपनी सेवा दी थी। उन्होंने अपने स्वेच्छा से सरकारी नौकरी से त्याग पत्र देकर करीब हजारों की संख्या में सदस्यों के साथ कांग्रेस का दामन थाम । बता दे पूर्व से ही कांग्रेस पार्टी में ही सक्रिय भूमिका में कार्य कर रहे थे ।उनके कांग्रेस में प्रवेश करने की अटकले पूर्व से ही लगाया जा रहा था ।आज कांग्रेस कमेटी देवभोग के द्वारा कार्यक्रम आयोजन कर विधिवद कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण कराया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भाव सिंह साहू के मौजूदगी में लोकेंद्र कोमर्रा ने कांग्रेस का दामन थामा।बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा से इस बार होगी कांग्रेस की जीत, ..लोकेंद्र कोमर्रा..... इस दौरान लोकेंद्र कोमर्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सरकारी नौकरी अपनी स्वेच्छा से त्यागपत्र देकर कांग्रेस के रीति नीति और विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस में प्रवेश कर रहे हैं ।अपने साथ हजारों की तादाद में साथियों के नाम और लिस्ट भी कांग्रेश को सौंपी ।उन्होंने यह भी कहा कि अपने पिता से लेकर दादा भी कांग्रेस पार्टी का सेवा पूर्व में भी दे चुके हैं। कोमररा ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के भुपेश सरकार जनता के हित में जो कार्य कर रहे हैं वह पुरे देश में एक मिसाल कायम है।कांग्रेस प्रवेश कर अपनी दावेदारी पेश की..... बीते कई दिनों से यह अटकल लगाई जा रहे थे कि लोकेंद्र कांग्रेस का दामन कब थामेंगे और अपनी दावेदारी बिंद्रानवागढ़ में कब पेश करेंगे ।उन्होंने कांग्रेस में प्रवेश कर अपनी दावेदारी पेश करते हुए जनता से अपील की है कि इस बार 15 साल के सूखे को खत्म कर बिंद्रनवगड़ में कांग्रेस का विधायक लाकर विकास को आगे बढ़ाने की पुंजोर प्रयास करने की बात कही। और उन्होंने यह भी कहा कि इस बार भुपेश सरकार जो कार्य किए हैं इसी को मद्देनजर रखते हुए बिंद्रनवगड क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराते हुए 15 साल के सुख को खत्म करना होगा। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार के विकास कार्य से प्रभावित होकर आज लोकेंद्र ने कांग्रेस में प्रवेश किया। साथी ही उनके साथ हजारों के ताकत में साथियों को कांग्रेस में प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि

आगामी विधानसभा चुनाव में विधानसभा से कांग्रेस की जीत निश्चित है श्री साहू ने सभा सभी कांग्रेस प्रवेश करने वाले का स्वागत करते हुए कहां के निश्चित तौर पर आप सभी के आने के बाद कांग्रेस पार्टी और भी अधिक मजबूत होगी।इस मौके पर प्रमुख से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी, दुर्गा चरण अवस्थी सुखचंद बेसरा, प्रमेश अवस्थी,अरुण मिश्रा, सूरज शर्मा के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

महात्मा गांधी के नाम पर शुरू रीपा योजना में चखना बेचना शर्मनाक - मितुल कोठारी

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक और भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के सामान्य परिषद के पूर्व सदस्य मितुल कोठारी, भाजपा पाटन उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर और दुर्ग जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने प्रदेश सरकार की महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) योजना में भारी फर्जीवाड़ का खुलासा करते हुए आरोप लगाया है कि भूपेश सरकार रीपा योजना के तहत पाटन क्षेत्र के स्व-सहायता समूह की महिलाओं से शराब दुकानों के पास बिकने वाले चखना और पानी का पाउच बनवा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि रीपा योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं, स्व-सहायता समूहों एवं बेरोजगारों को लघु उद्योग स्थापित कर ग्रामीण उत्पाद को प्रोत्साहित करना है लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार लघु उद्योग लगाने के नाम पर नमकीन और पानी पाउच खरीद कर उसकी पैकिंग कर महिलाओं से चखना बिकवा रही है। श्री कोठारी, श्री चंद्राकर व श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि रीपा योजना में रोज़गारमूलक उत्पादन इकाई से ग्रामीण कृषि उत्पाद का प्रसंस्करण, काष्ठ निर्मित वस्तुओं का निर्माण एवं किसी भी उत्पाद से नवीन उत्पाद का निर्माण कर रोज़गार में बढ़ोतरी कर आय सृजन करने का उद्देश्य है, लेकिन प्रदेश की भूपेश सरकार रीपा योजना 600 करोड़ रुपए की व्यवस्था कर ग्लास, पानी पाउच, मिक्चर बाज़ार से ख़रीदकर पैक कर पाटन क्षेत्र की दुकानों में बिकवा रही है जो केवल और केवल शराबखोरी करने वालों के काम आएगा। भाजपा नेताओं ने सवाल किया कि यह योजना ग्रामीण रोज़गार बढ़ाने के लिए है या ग्रामीणों में शराब पीने की प्रवृति को बढ़ाने की है?भाजपा पाटन उत्तर मंडल अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में अपनी सरकार की योजनाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं! श्री चंद्राकर ने कहा कि रीपा योजना के तहत ग्रामीण महिलाओ, स्व-सहायता समूहों व बेरोजगारों को लघु उद्योग के रूप में उत्पादन करने के केंद्र बनाए जा रहे हैं और उनमें अनेक प्रकार की मशीनें लगाकर उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाना है। लेकिन पाटन क्षेत्र के ग्राम कुंडा में जारी उक्त योजना में गिलास और उसके अंदर मिक्चर का पैकेट व पानी का पाउच पैक करके वहाँ लोग बेच रहे हैं, हालाँकि पैक पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) अंकित नहीं है। इसी प्रकार प्लास्टिक पाउच प्रतिबंधित होने के बावजूद उसमें पानी भरकर बेचा जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि अब यह पैक किन लोगों के काम आएगा, इसका अनुमान कोई भी सहज ही लगा सकता है। शराबियों के लिए पैकेट्स तैयार करके भूपेश सरकार रीपा योजना का खुला दुरुपयोग कर रही है। श्री चंद्राकर ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि इस पैक पर छत्तीसगढ़ शासन का लोगो भी अंकित करके शर्म-ओ-हया की सारी हदें इस कांग्रेस सरकार ने पार कर दी हैं। यह रीपा योजना के तहत भूपेश सरकार द्वारा किए जा रहे कामों के फर्जीवाड़े का शर्मनाक उदाहरण है।भाजपा नेताओं ने रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार से महत्वाकांक्षी रीपा योजना के उद्देश्य को सार्वजनिक तौर पर स्पष्ट करने की मांग की। श्री कोठारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पिछले घोषणा पत्र में कही गई बातों में एक नरवा-गरवा-घुरवा-बारी की बात थी। बाद में प्रदेश सरकार इसी से जु?ी गौठान योजना लेकर आई। प्रदेशभर में1350 करो? रुपए खर्च कर 10, 336 गौठानों के निर्माण का दावा प्रदेश सरकार कर रही है। भाजपा ने अभियान चलाकर इनमें से लगभग 4 हजार गौठानों का निरीक्षण किया तो पाया गया कि इन सभी गौठानों में न तो गायें थीं, न पशुओं के रहने की समुचित व्यवस्था थी और न ही चारा-पानी का ही कोई इंतजाम था। इसके बाद प्रदेश सरकार गौधन न्याय योजना ले आई। इसमे गोबर खरीदी की गई। सरकार ने विधानसभा में बताया कि 246.40 करो? रुपए का गोबर खरीदा गया परंतु उसमें से 229 करो? रुपए का गोबर कहाँ है, सरकार के पास इसका कोई जवाब तक नहीं है।इस तरह प्रदेश सरकार ने गौठानों और गोबर खरीदी के नाम पर घोटाला किया ।श्री कोठारी ने कहा कि गौठान और गोबर घोटाले के बाद इन घोटालों को ढँकने के लिए फिर प्रदेश सरकार 600 करोड़ की रीपा योजना लेकर आ गई। महात्मा गांधी के नाम की जब-तब दुहाई देने वाली कांग्रेस की प्रदेश सरकार इस योजना के नाम पर क्या कर रही है, इसका ब्योरा प्रदेश की कांग्रेस सरकार को महात्मा गांधी के विचारों की हत्यारी साबित करने के लिए पर्याप्त होगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478